सुविचार

समय रहते खुद को बदल लेना, चाहिए जब समय हमें बदलता है, तो तकलीफ बहुत होती है !

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 18 अंक: 6 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, गुरुवार 3 अगस्त, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

# हरियाणा हिंसा में 6 मौतें, बजरंग दल-विहिप का प्रदर्शन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नूंह**। हरियाणा के नूंह (मेवात) में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 2 होमगार्ड गुरसेवक और नीरज, नूंह के भादस गांव का शक्ति, पानीपत का अभिषेक, गुरुग्राम के इमाम और बादशाहपुर के प्रदीप शर्मा शामिल हैं। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए 5 अगस्त की आधी रात तक नूंह, फरीदाबाद, पलवल और गुरुग्राम में मानेसर, पटोदी व सोहना इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। नूंह में सोमवार को भड़की हिंसा के दो दिन बाद भी कर्फ्यू जारी है। गुरुग्राम, पलवल जिले में तनाव है। गुरुग्राम पुलिस ने कहा कि छोटे-छोटे ग्रुप हिंसा फैलाने का काम कर रहे हैं। नूंह की हिंसा के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली-ठउफके 23 इलाकों में रैलियां करने का ऐलान किया। कई इलाकों में प्रदर्शन हुआ। रैलियों को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। अदालत ने सुनवाई करते हुए अधिकारियों को आदेश दिया कि रैलियों के दौरान हेट स्पीच और हिंसा न होने दें। संवेदनशील इलाकों में CCTV कैमरे लगाएं और उनके फुटेज सुरक्षित रखें। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस या पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करें। इधर, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- जिन लोगों ने नुकसान किया है, उन्हीं से भरपाई कराई जाएगी। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस, न आर्मी और न समाज कर सकता है। सुरक्षा के लिए वातावरण बनाना पड़ता है। इसके लिए पीस कमेटी, एडमिनिस्ट्रेशन के लोग लगे हैं। पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया है। दंगाइयों में भय बनाना पड़ता है।



### 26 FIR दर्ज, 116 लोग गिरफ्तार

नूंह हिंसा में अब तक 26 FIR दर्ज हुई हैं और 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुग्राम में 15 FIR दर्ज की गई हैं और 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा के DGP पीके अग्रवाल ने कहा कि मोनू मानेसर के वीडियो समेत हिंसा से जुड़े हर तथ्य की जांच होगी। इसके लिए SIT बना दी गई है और हर टीम को 7 से 8 केस जांच के लिए दिए जाएंगे।

### पलवल में 9 केस दर्ज

पलवल जिले में पुलिस ने 9 केस दर्ज किए हैं। इनमें 6 नामजद हैं जबकि 250 अज्ञात आरोपी हैं। इन पर एक समुदाय के धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ और आगजनी का आरोप है।

### गुरुग्राम में 4 गिरफ्तार, भड़काऊ पोस्ट पर एक पकड़ा

गुरुग्राम में मस्जिद पर हमले को लेकर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक जिम ट्रेनर है। हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं भड़काऊ पोस्ट के केस में दिनेश भारती को सेक्टर 52 से गिरफ्तार किया गया है। उसने वीडियो जारी किया था।

# राहुल के करीबी गौरव गोगोई होंगे स्क्रीनिंग कमेटी अध्यक्ष

*विधानसभा चुनावों में टिकट पर फैसले के लिए बनी स्क्रीनिंग कमेटी में गहलोत, डोटासरा, पायलट को जगह*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण पर फैसले के लिए कांग्रेस ने बुधवार को स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर दिया। असम के पूर्व सीएम तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई को राजस्थान स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विधायक गणेश गोदियाल और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक दत्त को स्क्रीनिंग कमेटी का मेंबर बनाया गया है।



स्क्रीनिंग कमेटी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सीएम अशोक गहलोत, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सचिन पायलट, सीपी जोशी और तीनों सह प्रभारी सचिवों- काजी निजामुद्दीन, अमृता धवन और वीरेंद्र राठौड़ को एक्स ऑफिशियो मेंबर बनाया गया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने स्क्रीनिंग कमेटी बनाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

स्क्रीनिंग कमेटी में सचिन पायलट को जगह देकर हाईकमान ने पिछले चुनावों वाला कॉम्बिनेशन बनाने के संकेत दे दिए हैं। इससे अब साफ हो गया है कि टिकट वितरण में सचिन पायलट की भी चलेगी। कांग्रेस में लगातार चुनावी समितयां बनाई जा रही हैं। पिछले दिनों प्रदेश चुनाव समित बनाई जा चुकी है। चुनाव समिति में भी सबको साधने का प्रयास किया गया था।

कैंपेन कमेटी सहित अभी आधा दर्जन चुनावी कमेटियों का गठन होना बाकी है। कैंपेन कमेटी का अध्यक्ष किसे बनाया जाता है, इसे लेकर सबकी निगाहें टिकी हैं।

# राजेंद्र गुढ़ा ने लाल डायरी के तीन पेज रिलीज किए

*राजस्थान CM के बेटे, RCA में लेनदेन की बातें कोडवर्ड में*

**जयपुर**। बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने राजस्थान में सियासी भूचाल लाने वाली लाल डायरी के कथित तौर पर तीन पन्ने सार्वजनिक कर दिए। गुढ़ा ने दावा किया है कि सीएम के करीबी और राजस्थान पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने इन पन्नों में सीएम के बेटे और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भवानी सामोता सहित अन्य लोगों से लेन-देन का जिक्र किया है। गुढ़ा ने कहा है कि मैं सरकार को नहीं, सरकार मुझे ब्लैकमेल कर रही है। बर्खास्त मंत्री ने दावा किया कि इस डायरी में मुख्यमंत्री के करीबी धर्मेंद्र राठौड़ की ही हैंडराइटिंग है। डायरी के कुछ पन्ने मिसिंग हैं, लेकिन मेरे पास जो पन्ने हैं, वह मैं जारी करूंगा।



डायरी में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के लेन-देन की बातें कोड वर्ड में हैं और वैभव गहलोत सहित मुख्यमंत्री के सचिव को लेकर भी बातें लिखी गई हैं।

### धारीवाल बोले- गुढ़ा को कांग्रेस से निकालने की तैयारी

**जयपुर**। लाल डायरी को लेकर आज सदन में दिनभर हंगामा हुआ। लाल डायरी के मुद्दे पर सदन से निलंबित चल रहे बर्खास्त मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा को अब कांग्रेस से निकालने की तैयारी चल रही हैं। मंत्री शांति धारीवाल का कहना है कि गुढ़ा से किसी तरह की समझाइश व समझौता नहीं होगा।

धारीवाल ने कहा- गुढ़ा को पार्टी से निकालने की तैयारी चल रही हैं। कांग्रेस से किसी को भी निकालने का एक प्रोसीजर होता है। वो प्रोसेस चल रहा है। इसके बारे में पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से जानकारी ली जा सकती है। धारीवाल ने कहा- कांग्रेस सरकार की नीतियों से जो जनता को राहत मिल रही है। उसका कोई जवाब भाजपा के पास नहीं था। ऐसे में भाजपा ने षड़यंत्र रचकर लाल डायरी का किस्सा बनाया। हमारे ही विद्रोही व्यक्ति से मिलीभगत करके सारा षड़यंत्र रचा। अब इस षड़यंत्र का पदार्फाश हो चुका है।

# राजस्थान विधानसभा अनिश्चितकाल तक स्थगित पहली बार 23 मिनट में 5 बिल पारित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। लाल डायरी और बीजेपी विधायक मदन दिलावर के निलंबन के मुद्दे पर विधानसभा में शून्य काल के दौरान भाजपा विधायकों ने हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष के लाल डायरी का जिक्र करते ही हंगामा हो गया। हंगामा के कारण दो बार स्पीकर को सदन की कार्यवाही आधे-आधे घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। तीसरी बार अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। पहली बार 12 बजकर 9 मिनट और दूसरी बार 1 बजकर 3 मिनट पर सदन की कार्यवाही को आधे-आधे घंटे के लिए स्थगित किया गया। बीजेपी विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी की।

1:33 बजे तीसरी बार सदन जुटने के बाद भी बीजेपी विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी जारी रखी। बीजेपी विधायकों के हंगामा करने और नारेबाजी के बीच सदन में महज 23 मिनट में 5 बिल पारित कर दिए गए। पांच बिल पारित करने के बाद सदन की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। मौजूदा 15वीं विधानसभा की कार्यवाही का आज आखिरी दिन था। इसके बाद अब नई सरकार बनने के बाद ही जनवरी में सत्र बुलाया जाएगा।

इससे पहले हंगामा की शुरूआत नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के स्थगन प्रस्ताव से मामला उठाने के दौरान लाल डायरी का जिक्र करने पर हुई। राजेंद्र राठौड़ ने बीजेपी विधायक मदन दिलावर के निलंबन को वापस लेने की मांग करते हुए लाल डायरी से उठ रहे सवालों का जिक्र किया। लाल डायरी छीनने का आरोप लगाया तो हंगामा हो गया। जलदाय मंत्री महेश जोशी, संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राठौड़ के मामला उठाते ही कड़ी आपत्ति की।





राजेंद्र राठौड़ ने कहा- आज भी कुछ अनुत्तरित सवाल आ जाते हैं और उसमें सदन की गरिमा का सवाल भी उठ जाता है। सत्ता पक्ष की गरिमा का सवाल भी उठ जाता है। सत्ता पक्ष का सदस्य लाल डायरी टेबल करना चाहता है। उसे छीन कर ले जाया जाता है। यह भी उचित नहीं है।

### जोशी ने कहा- लाल डायरी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट बन गई है...

राठौड़ के लाल डायरी छीनने का जिक्र करते ही जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा- यह झूठ बोलने की हाइट है। यह ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट बन गई है, बीजेपी के झूठ बोलने की। कौन-सी लाल डायरी थी। किसने छीना? यह गलत बात है। लगातार झूठ बोल रहे हैं।

### धारीवाल बोले- टेबल यहां होती है क्या?

संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने कहा- टेबल करने के भी प्रोसेस तय हैं। धारीवाल ने अपनी टेबल की तरफ इशारा करते हुए कहा- टेबल यहां होती है या वहां होती है? टेबल कहां किया जाता है। बीजेपी गलत रोल प्ले कर रही है। इसमें शुरू से ही मिलीभगत की बू आ रही है। डोटासरा ने कहा- बीजेपी अपने कृत्य के लिए माफी मांगे।

# राजस्थान में फिर शुरू होंगी खदानों की नीलामी: हाईकोर्ट की रोक को सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। खदानों की नीलामी के फैसले पर राजस्थान हाईकोर्ट ने जो रोक लगाई थी। उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से राज्य सरकार अब प्रदेश में अटकी पड़ी 50 हजार से ज्यादा खदानों को नीलामी के लिए बेच सकेगी। सुप्रीम कोर्ट में ये आदेश जज ए.एस बोपन्ना और एम.एम सुंदरेश ने दिए हैं। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की पैरवी सीनियर रिपोर्टर मनीष सिंघवी ने की।

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक गहलोत सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में खनन नीलामी का नया नियम लाते हुए पुरानी आवंटन पॉलिसी को रद्द कर दिया था। इस कारण प्रदेशभर में 50 हजार से ज्यादा छोटी खदानों के आवंटन के लिए जो आवेदन आए थे वो रद्द हो गए। सरकार के इस फैसले को आवेदन करने वाले लोगों ने राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करने के बाद मार्च 2013 को फैसला सुनाते हुए गहलोत सरकार के फैसले को रद्द करते हुए खदानों का आवंटन पुरानी पॉलिसी के तहत करने के लिए कहा। हाईकोर्ट के इस आदेश को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के बाद मामले पर सुनवाई और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने आज गहलोत सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2013 के हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए गहलोत सरकार के नीलामी वाले फैसले को बहाल कर दिया।

# करधनी थाना पुलिस: अब अपराध का गिरेगा ग्राफ क्योंकि 'दबंग थानाधिकारी' ने संभाली कमान...

**कई बार इनके थाने से विदाई के दौरान उमड़ा है चाहने वालों का हुजूम**

**अपनी साफ छवि से चर्चित है थानाधिकारी उदय सिंह यादव**

### पदभार ग्रहण के साथ अब करधनी थाना क्षेत्र में अपराध को कम करना रहेगी खास चुनौती

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/करधनी/क्राइम रिपोर्टर**। एसएचओ उदय सिंह यादव ने जयपुर पुलिस कमिश्नर जयपुर वेस्ट से करधनी थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। उदय सिंह अपनी साफ छवि और स्मार्ट कार्यशैली से काफी आमजन के चहेते रहे हैं। कई जनता उन्हें दबंग, सिंघम थाना प्रभारी के नाम से भी पुकारती है। उन्होंने हमारे संवाददाता के साथ एक विशेष मुलाकात के दौरान कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य अपने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व समाज के लिए एक कलंक है, जिसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने शहर के लोगों से असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने में पुलिस प्रशासन की मदद करने की अपील की। वहीं कहा कि लोग अपने कामों के लिए बिना किसी झिझक के थाने आएं व हर व्यक्ति को पूरा सम्मान दिया जाएगा। करधनी थाना इलाके में शांति व्यवस्था हमारी पहली प्राथमिकता होगी। महिलाओं सहित हर आम नागरिक को समय पर न्याय दिलाना एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की पूरी पहल की जाएगी। थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती, शराब तस्करी सहित अन्य वारदातों की रोकथाम एवं अपराधियों की धड़पकड़ के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम करेगी।



सितारा न्यूज नेटवर्क स्पेशल ब्यूरोक्रेसी खबर सितारा न्यूज नेटवर्क




**कई थानों से स्थान्तरण होने पर हुआ विदाई समारोह**

थाना प्रभारी उदय सिंह की कार्यशैली की आमजन सराहना करते है। कई स्थानों के थानों से विदाई होने पर जनता ने उनको भरपूर प्यार और दुआओं के साथ विदाई दी है। थानाधिकारी उदय सिंह द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य करने पर गत कुछ दिन पूर्व ही फतेहपुर सीकर की जनता, युवाओं ने थानाधिकारी सिंह को सम्मान पत्र देकर तथा शाल ओढ़ाकर, माला पहना कर घोड़ी पर बैठाकर सम्मानित किया और नम आँ खों से विदाई दी थी। वहां की जनता का कहना था कि अपने कार्यकाल में थाने में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं हुआ। उदय सिंह की भी हमेशा कोशिश रहती थी कि थाने में ही मामला समझाइश से सुलझाया जाए। उनकी इसी कार्यशैली के चलते वे लोगों के चेहते बन गए। ये ही कारण था कि उनके विदाई समारोह पर पूरा फतेहपुर उमड़ पड़ा, कई की तो आंखे नम हो गई थी।

"सितारे का साथ-आपके हाथ"

अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी

आपका पसंदीदा समाचार पत्र अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी

अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध

अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...

Log in करे : www.garibonkasitara.com

अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...

8233553666, 9782527840, 9828853546

या बार कोड स्कैन करे...

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा — निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

अधिक जानकरी के लिए सम्पर्क करें...

राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

| पूर्वानुमान> | | गुरु | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|---|
| 28° | अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c |
| | न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c |

हजारों ग्रामीणों से जुड़ा यह सामुदायिक केंद्र 30 बेड पर है निर्भर

# 'अवाना' ने विधानसभा में अब उच्चैन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बेड का बनाने की पुरजोर मांग की

### यहां मरीजों का है अत्यधिक भार, जिला अस्पताल की दूरी करीब 50 किलोमीटर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/नदबई।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने विधानसभा में विधानसभा के उच्चैन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 30 बेड से 50 बेड का करवानी की मांग की विधायक ने कहा की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उच्चैन के अंतर्गत आने वाले गाँव की संख्या बहुत है और उच्चैन और सरकार के इसी कार्यकाल में उच्चैन जो की एक ग्राम पंचायत थी उसको नगर पालिका, उपखण्ड कार्यलय, तहसील, पंचायत समिति , मुंसिफ कोर्ट सहित उपखंड स्तर के सभी सरकारी कार्यालय उच्चैन में खुल गए है जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उच्चैन संपूर्ण तहसील क्षेत्र के आमजन को अपनी सेवाएं देता है जिस कारण से यहाँ पर मरीजों की संख्या काफी अधिक रहती है परंतु


अवाना (नदबई)


डॉक्टर , नर्सिंग स्टाफ व अन्य मंत्रालयिक कर्मचारी की कमी के कारण रोगियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और जिला अस्पताल की दूरी 30-35 किलोमीटर दूर होने की वजह से समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता है । विधायक अवाना द्वारा कोरोना काल में उच्चैन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 51 सिलेंडर का ऑक्सीजन प्लांट और नदबई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 81 सिलेंडर दिलवाने का कार्य किया है वही उच्चैन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ट्रॉमा सेंटर सहित नवीन एंबुलेंस गाड़ी नदबई और



उच्चैन को दी है उसके साथ साथ करीब 2 करोड़ की लागत से नदबई उच्चैन खानुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो पर उपकरण दिए हैं पूरी नदबई विधानसभा में कई नई पीएचसी लेके आये है जिसमे झारौली, न्यौठा, गढ़ी और पीएचसी चंदनपुरा को सीएचसी में क्रमोन्नत करवाने का काम किया है विधायक बताते है की नदबई विधानसभा में हर वो विकास कार्य हुआ है जो पिछले 30-40 साल से नही हुआ था अभी हाल ही में नदबई का राजकीय अस्पताल अस्पताल में क्रमोन्नत हुआ है ।

तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर के सानिध्य में हुआ कार्यक्रम

## रैणी तहसील परिसर स्थित शिवालय में हुआ हवन, पूजा अर्चना कर प्रसाद किया वितरित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर के रैणी तहसील परिसर में स्थित शिवालय मन्दिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर के द्वारा हवन-पूजन कर रैणी तहसील कार्यालय परिसर मे भण्डारे के रूप मे बुधवार को प्रसाद वितरण किया। रैणी उपखण्ड स्तरीय सभी विभागों के कर्मचारी/अधिकारी तथा क्षेत्र के सभी सरपंच तथा तहसील परिसर के सभी डीड राईटर व स्टाम्प वेन्डर



सहित अनेक गणमान्य नागरिको ने महादेव बाबा के भण्डारे का प्रसाद पंगत मे बैठकर प्रसन्नचित्त होकर पाया। उल्लेखनीय है कि रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर ने गतवर्ष भी सावन के महीने मे भोलेनाथ बाबा के मंदिर पर हवन-पूजन कर प्रसाद वितरण किया था।इस अवसर पर तहसीलदार सौरव सिंह ने आये हुए सभी कर्मचारी/अधिकारियों व कार्यक्रम मे सहयोग देने वाले सभी का आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया। मिडिया को यह सारी जानकारी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर के द्वारा दी गई है।

## रसाल में गायत्री यज्ञ का आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)** ।अखिल विश्व गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोज्य 108 कुंडीय महायज्ञ के प्रचार प्रसार जनसम्पर्क के यज्ञ उपासना श्रृंखला के अन्तर्गत विभिन्न गांवों के सार्वजनिक मंदिर या अन्य परिसर में गायत्री यज्ञ किए जा रहे हैं गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भैंरुलाल उपाध्याय ने बताया विश्वशाति एवं पर्यावरण शुद्धि को लेकर 30 सितम्बर से दो अक्टूबर तक आयोज्य महायज्ञ के जनसम्पर्क के साप्ताहिक कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न ग्रमीण अंचल में यज्ञ आयोजन किए जा रहे है ।गायत्री पीठ के परिव्राजक महेश चौरसिया यज्ञ टोली संयोजक राजेन्द्र सिंह प्रेमपुरा के सानिध्य में बुधवार को रसाल ग्राम स्थित करणी माता मंदिर द्वि कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमे मुख्य यजमान पूर्व सरपंच भगवान सिंह के साथ अमर सिंह राठौड़ व राम चंद्र सिंह . बेगराज सिंह ,मनोहर सिंह श्रीपाल सिंह आयुवान सिंह श्रवण सिंह नाथु सिंह दशरथ सिंह,



विशन सिंह जयपाल सिंह दातार सिंह सहित ग्रामीणों ने यज्ञ में आहुतियाँ देकर विश्व कल्याण की मंगल कामना की शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भैंरुलाल उपाध्याय ने श्रद्धालुओं को गायत्री शक्तिपीठ के संस्थापक तपोनिष्ठ वेदमूर्ति आचार्य पं. श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंग सुनाते हुए आदर्शमय जीवन के बारे में बताया।

## पर्यावरण रक्षा पहल जारी : अब दादर धाम में हुआ वृक्षारोपण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम जयरामपुरा स्थित दादर धाम मन्दिर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान डागर ने बताया कि स्थानीय युवा हर वर्ष वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखते हैं वृक्षारोपण करना पुण्य का कार्य है हर इंसान को जीवन में 5 पेड़ जरुर लगाना चाहिए। इस अवसर पर भवानीदास महाराज, गोविन्दपुरा सरपंच पवन कुमार बुनकर, कजोडमल बुनकर, किसान नेता शंकर बधाला, रामपाल निठारवाल, मुकेश कुमावत, जितेन्द्र भार्गव, मदन मण्डोलिया, मुकेश मण्डोलिया, सुनिल कुमार कांन्देला, अजय बुनकर, श्रवण कस्वा, सुनिल सैनी, कमलेश जाट, पूरणमल जाबडौलिया, शाहरुख खोखर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में सी. पी. आर. तकनीक के महत्त्व से कराया सरोकार




सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया व मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख की उपस्थिति में प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा के निर्देशन में सुप्रसिद्ध सी. पी. आर. प्रशिक्षक डॉ. राजेन्द्र तातेड़ व फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. सुनील सोनी द्वारा पीड़ित की जान बचाने की सी. पी. आर. तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें छात्राओं ने अचानक कार्डियक अरेस्ट आने, पानी में डूबने, बिजली का करंट लगने जैसी दुर्घटनाओं में पीड़ित की जान बचाने संबंधी तकनीक का रोचक तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त किया,साथ ही डॉ. राजेन्द्र तातेड़ द्वारा बच्चों की श्वास नली में टॉफी, सिक्का आदि फंस जाने या भगदड़ में दम घुटने पर जान बचाने की तकनीक के बारे में भी जानकारी दी गई,78 वर्षीय प्रो. डॉ. तातेड़ ने अब तक 3 लाख व्यक्तियों को सी. पी. आर. की ट्रेनिंग देकर 100 व्यक्तियों का जीवन बचाया।

आपने 9 वर्षों में 22000 सी. पी. आर. सेशन करके इसकी विस्तृत जानकारी दी तथा सभी छात्राओं को जागरुक कर यह आव्हान किया कि बिना घबराये ह्यकार्डियक अरेस्टह्म होने पर सी. पी. आर. का प्रयोग करना चाहिए। प्रशिक्षण के समापन पर महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने अचानक दुर्घटना होने पर सावधानी बरतते हुए इन तकनीकों का इस्तेमाल करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।

## विहिप व बजरंग दल ने आंतकवाद का पुतला फूंक कर विरोध किया जाहिर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** बजरंग दल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित धार्मिक ब्रजमंडल यात्रा मेवात के नूंह में हिन्दुओं के आस्था व श्रद्धा के केन्द्र पाण्डव कालीन प्राचीन नल्लहड शिव मन्दिर की धार्मिक यात्रा पर असमाजिक तत्वों ने तीर्थयात्रियों पर भारी पथराव, हिंसा, आगजनी और पहाडियों से सीधी गोलियां चलाई गईं हैं, जिसमें सेंकड़ों गाड़ियों क्षतिग्रस्त और आगजनी की भेंट चढी हैं तीन हिन्दुओं की और दो पुलिस के होमगार्ड की मृत्यु हुई है एवं तीर्थयात्री व बजरंग दल कार्यकर्ता घायल हुए हैं, जिसके विरोध में आज कुमारनन्द सर्किल पर बजरंग दल ब्यावर जिला स्तर पर असमाजिक तत्वों तथा आतंकवाद के विरुद्ध व्यापक विरोध प्रदर्शन कर-के पुतला दहन किया गया।विश्व हिन्दू परिषद के गणपत बालोटिया ने कहा कि गत 29 जुलाई को नूंह में बजरंग दल हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इस दौरान यात्रा पर असामाजिक तत्वों ने योजना पूर्ण तरीके से पथराव किया और पहाड़ी से गोले दागे। नूंह पुरी तरह से बारुद के ढेर पर है। यात्रा को बाधित करने के लिए ऐसा किया गया। प्रशासन की




अनुमति से शोभायात्रा निकाली जा रही थी।असामाजिक तत्वों की सोची समझी साजिश के तहत यात्रा पर हमला कर माहौल खराब किया गया है।देशभर के सभी जिलों में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा प्रदर्शन कर असामाजिक तत्वों का पुतला जलाया गया है। इसके साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर आगे उनके किसी भी यात्रा पर इस तरह से हमला हुआ तो वह इसे सहन नहीं करेंगे।वहीं उन्होने ब्यावर पर बोलते हुए कहा कि जो हालात पैदा हो रहे है उन लोगों की हालातों से सिद्ध हो रहे हैं कि जो उनकी कट्टरवादी सोच है इनकी मंशा ठीक नहीं है।विहिप व हिन्दू समाज की और से आगाह करते हुए कहा कि जब तक हिन्दू समाज शांत है जब तक शांत है इसकी परिक्षा ना ली जाये।इसको आप-आप उद्वेलित ना करें अन्यथा इसके परिणाम अच्छे नही होगें। जो सम्पूर्ण देश में अस्थिरता चाहते हैं वह नहीं होने दिया जायेगा। हिन्दू समाज की रक्षा के लिए विहिप व बजरंग दल हमेशा मैदान में खड़ा रहेगा। चाहे देश के लिए कार्यकर्त्ता कुछ भी करना पड़े जान भी देना पडे तो वह देगा।प्रमुख रूप से जिला मंत्री गणपत बालोटिया, जिला संयोजक राजीव मिश्रा, हनुमान बन्ना, लक्की मकवाना, शैलेश सोनी, बाबू सिंह गहलोत ,विनोद कुमावत, लक्ष्मण सोनी,कपिल थावनी, प्रकाश साहू, बंटी प्रजापत, महेंद्र सिंह सिसोदिया ,कपिल सेन, महेंद्र सिंह रावत, विक्रांत सिंह, सूरज प्रताप सिंह, नरेश गोयल, पंकज वर्मा, कृष्ण बल्भ, मनमोहन, खेमराज, दिनेश, जगदीश, मुकेश ,बबलू ,सुरेश,पायल वैष्णव ,हिमांशी, सुमन आदि सहित हिन्दू समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पंचाग

दिनांक: 03 अगस्त 2023 गुरुवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | द्वितीया | 16:16:21 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | धनिष्ठा | 09:55:07 |
| योग | सौभाग्य | 10:16:09 |
| करण | तैतुल | 06:09:20 |
| करण | गर | 16:16:21 |
| करण | वणिज | 26:27:39 |
| चन्द्र राशि | कुम्भ | |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | दक्षिण | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:53:16 |
| सूर्यास्त | 19:12:32 | |
| चंद्रोदय | 20:47:53 | |
| चंद्रास्त | 07:19:51 | |
| राहू काल | 14:13 - 15:53 | |
| अभिजित | 12:06 - 12:59 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 05:53 - 07:33 | शुभ |
| चर | 10:53 - 12:33 | शुभ |
| लाभ | 12:33 - 14:13 | शुभ |
| अमृत | 14:13 - 15:53 | शुभ |
| शुभ | 17:33 - 19:13 | शुभ |



विशेष जानकारी
पंचक प्रारम्भ:- 23:26रात्रि से

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## प्रत्येक पर्यावरण प्रेमी को एक पेड़ देश के नाम मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए: दादरवाल



सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी(अनिल सिखवाल)** ।शहर के निकटवर्ती खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल ने पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण की महत्ता की जिम्मेदारी समझते हुए एक पेड़ देश के नाम अभियान की शुरूआत करने के दौरान बताया कि पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण की महत्ता महसूस करके मैंने पूरे कुचामन नावां क्षेत्र में 11551 पौधे एक नियत समय पर लगवाने का संकल्प लिया है,इस मुहिम को पूरा करने के क्रम में बुधवार को आसपुरा रोड स्थित न्यू मॉडर्न एजुकेशन ग्रुप में समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों को 3000 पौधे वितरित कर संपूर्ण देखभाल के साथ पेड़ होने तक का संकल्प दिलवाकर अभियान की शुरूआत की एवं 6 अगस्त रविवार को प्रातः 8:00 बजे से 8:01मिनट (एक साथ) एक मिनट में संपूर्ण कुचामन नावा क्षेत्र में एक साथ पौधे लगाकर उसकी फोटो लेकर भेजने के लिए प्रेरित किया और आने वाले 1वर्ष बाद उसकी देखभाल के साथ ही मेरा पेड़ मेरी सेल्फी लेकर लोगों को और प्रेरित करने का आग्रह किया।साथ ही क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है की एक पेड़ देश के नाम मुहिम का हिस्सा बनकर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल में अपनी भागीदारी निभाए।उक्त अवसर पर दुबई प्रवासी व संस्थान प्रमुख मोहनलाल दादरवाल ने बताया कि पेड़ ही प्रकृति के श्रृंगार है इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाए इस दौरान पूर्व पार्षद मोहन लाल कुमावत, प्रधानाचार्य मदनलाल कुमावत, प्रबंधक सदस्य कमलेश कुमार, दोसा प्रवासी मुरारी लाल बेरवा,मानाराम राजोरिया, नेमीचंद छापोला सुरेश कुमार बाबूलाल राधेश्याम व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## पुरुषोत्तमदास आश्रम में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** कस्बा स्थित पुरुषोत्तमदास आश्रम में बुधवार को महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज के सानिध्य में संगीतमय 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा अलवर सड़क मार्ग पर स्थित हीरामल मंदिर से शुरू हुई। यात्रा में 501 महिलाएँ बैण्ड-बाजे के साथ नाचते और मंगल गीत गाते हुए कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा पर एसएचएम कॉलेज की छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। गोपालगढ़ त्रिवेणी धाम की कथावाचक सुनीता बहन द्वारा 2 अगस्त से 8 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कथा सुनाई जायेंगी। कथा का समापन 9 अगस्त को भण्डारे के साथ होगा। इस मौके पर संत समुदाय से भीवादास महाराज, रतनदास, बालेश्वरदास, अशोकदास, रामदास, मोहनदास, श्योरामदास, तुलसीदास, पोखरदास, विमलदास, तुलसीदास, साध्वी विदुषी सरस्वती, राजेन्द्रदास, बलरामदास, महेंद्रदास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प भी जरूरी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां/शंकरलाल कुमावत।** पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना भी जरूरी है। यह बात राजकीय उ मा विद्यालय भोजपूरा कला के प्रधानाचार्य एवं पीईईओ नरेन्द्र मौर्य ने विद्यालय परिसर में जीएसपीएल इंडिया लिमिटेड चारणवास भोजपुरा कला के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम के तहत बच्चों को संबोधित करते हुए कही। प्रधानाचार्य ने बताया कि कम्पनी की तरफ से विद्यालय में नींबू, आंवला, अनार आदि के 100 पौधे लगाये गये तथा बच्चों एवं शिक्षकों को इनकी देखभाल का संकल्प भी दिलाया।इस मौके पर कम्पनी के सहायक महाप्रबंधक राकेश शर्मा, सोमेश सिंह मंगलसिंह, प्रहलाद जाखड, गोगराज सुण्डा, भंवरलाल, सांवरमल, महेश अंजु मोनिका शेखावत आदि कई जने मौजूद रहे।

## प्रांतीय आह्वान पर कल से नर्सेज अपनी मांगो को लेकर करेंगे दो घंटे कार्य बहिष्कार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** नर्सेज ने अपनी 11 सूत्री मांगो को लेकर बुधवार को आंदोलन तेज करने को लेकर पीएमओ को पत्र सौंपा नर्सेज संघर्ष समिति धौलपुर के जिला संयोजक हरिशंकर शर्मा व अमृत लाल द्रोण ने संयुक्त बयान जारी कर बताया सरकार की अनदेखी कि वजह से प्रांतीय आह्वान पर कल से नर्सेज अपने आंदोलन को तेज करते हुए 3 अगस्त से 9 अगस्त तक रोजाना प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर गेट मीटिंग करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे वरिष्ठ नर्सेज नेता विनोद चौधरी व शिवकुमार शर्मा ने बताया कि नर्सेज की 11 सूत्री मांगों को लेकर आज जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉक्टर समरवीर सिंह को पत्र सौंपा गया है। नर्सेज नेता विनोद शर्मा व कृष्ण मुरारी गुर्जर ने बताया की कल से होने वाले विरोध प्रदर्शन से आपातकालीन सेवाओं को प्रदेश की जनता का हित देखते हुए मुक्त रखा जायेगा । सीनियर नर्सिंग ऑफीसर राघवेंद्र राणा, सुरेश सिकरवार व जितेन्द्र कुमार ने बताया की नर्सेज प्रदेश की जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहती है, इसलिए अभी तक सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान केंद्रित करने का का प्रयास कर रही , लेकिन फिर भी सरकार की इतनी बड़ी अनदेखी नर्सेज को बड़े आंदोलन की तरफ धकेल रही , जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी । सरकार जल्द वार्ता के माध्यम से नर्सेज की मांगो का उचित मूल्य समाधान निकले अन्यथा आज तक के इतिहास का सबसे बड़ा नर्सेज आंदोलन होगा इस मौके पर बड़ी संख्या में नर्सेज मौजूद थे ।

## जीतो की युवा व महिला विंग ने ली शपथ, शिक्षा व रोजगार में करेंगे काम

*जीतो का लक्ष्य सशक्त व संगठित बने युवा : महावीर रांका*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) के बीकानेर चैप्टर की युवा व महिला विंग की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को नोखा रोड स्थित हंशा गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जीतो के बीकानेर चैप्टर चैयरमेन महावीर रांका ने कहा कि समाज के युवक-युवतियों को शिक्षा, रोजगार-व्यवसाय, खेल गतिविधियों में आगे बढ़ाना जीतो का लक्ष्य है। इसके साथ ही सेवा व आर्थिक रूप से सशक्त करना जीतो का मुख्य उद्देश्य है।

वाइस चैयरमेन अमित डागा ने बताया कि यूथ अध्यक्ष मयंक सिपानी तथा महिला विंग अध्यक्ष रेणु गुजरानी व उनकी कार्यकारिणी को राजस्थान जोन चैयरमेन अनिल बोहरा, जोन कन्वीनर सोनाली मारु तथा कविश नाहर ने शपथ दिलवाई।

समारोह में महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष नरेन्द्र सुराणा एवं जैन महासभा के अध्यक्ष विनोद बाफना का मुख्य आतिथ्य रहा। जीतो एपेक्टस टीम से लेडिज विंग चैयरपर्सन संगीता ललवानी, जीतो यूथ विंग चैयरमेन गौरव धारीवाल, वाइस चैयरमेन आदित्य लोढा का सान्निध्य रहा। जीतो बीकानेर चैप्टर के संतोष बाठिंया ने बताया कि समारोह में मेघराज बोथरा, सोहनलाल बैद, विनय डागा, जिनेन्द्र जैन,डॉ. मानक गुजरानी, एवं दिलीप छल्लाणी आदि उपस्थित रहे।

जीतो बीकानेर चैप्टर के चीफ सैक्रेट्री विजय बाफना ने बताया कि जीतो के नौ जोन हैं जिनमें 68 चैप्टर्स भारत में तथा 26 चैप्टर अंतरराष्ट्रीय स्तर सहित कुल 15000 से अधिक मेम्बर हैं। जीतो द्वारा समाज में खेल गतिविधियों, शिक्षा, व्यवसाय, ऋण व कम्यूनिकेशन के कार्य किए जाते हैं।

लेडिज विंग कमेटी- अध्यक्ष- रेणु गुजरानी, उपाध्यक्ष- ममता रांका, मंजू नौलखा, मुख्य सचिव- नंदिनी छल्लाणी, सचिव- प्रीति डागा, शांता भूरा, कोषाध्यक्ष- रजनी नाहटा एवं सहकोषाध्यक्ष ज्योति सुखानी शामिल हैं। यूथ विंग कमेटी- अध्यक्ष- मयंक सिपानी, मुख्य सचिव- प्रशांत नौलखा, उपाध्यक्ष- विश्वास सुराना, अंकित बाफना, सचिव- मोहनीश बोथरा, महिप दफ्तरी, कोषाध्यक्ष- सौरभ मालू एवं सहकोषाध्यक्ष अंकुश चौपड़ा शामिल हैं।

*मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन*

# जाना हक : जनप्रतिनिधियों ने समझी ईवीएम से मतदान प्रक्रिया की बारीकियां







कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ईवीएम वीवीपैट का प्रदर्शन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन का मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। अभियान के तहत बुधवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में जनप्रतिनिधियों को ईवीएम एवं वीवीपैट से मतदान की प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं नोडल अधिकारी स्वीप डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर संस्थान में जनप्रतिनिधियों को ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को प्रेरित करने का आह्वान किया गया। जिला स्वीप को-ऑर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा ने बताया कि संस्थान में आयोजित मेरी पंचायत मेरा काम किया गया। इस दौरान महिला प्रधान, वार्ड पंच, सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मॉक पोल में भाग लेकर ईवीएम मतदान प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त किया। स्वीप को-ऑर्डिनेटर ने इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को वीएचए एप की जानकारी दी, साथ ही मतदान की शपथ भी दिलवाई।

## मिलेगी उच्च शिक्षा : भाखेड़ा की राजकीय ग्राम स्कूल हुई क्रमोन्नत

### मुख्यमंत्री सहित शिक्षा मंत्री का जताया आभार

सितारा न्यूज नेटवर्क



**युवराज शर्मा/अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उमरैण ब्लॉक के गांव भाखेड़ा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से से जहां शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार कर रही है वही प्रदेश में शैक्षणिक व्यवस्थाओं में भी सुधार लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की सौगात देकर राज्य सरकार ने विद्यार्थियों के भविष्य की नींव को मजबूत करने का काम किया है।

## पेड़ों के बिना हमारा जीवन अधूरा : डॉ. सरिता बेनीवाल

### किरण स्कूल के विद्यार्थियों ने सेलिब्रेट किया ग्रीन डे

सितारा न्यूज नेटवर्क



**गोविंदपुरा।** कालवाड़ रोड़ स्थित किरण बाल भारती सी. सै. स्कूल गोविन्दपुरा ने हरियाली से भरे इस सावन महीने में ग्रीन डे मनाया गया। प्रीझ्प्राइमरी के नन्हे मुन्हे बच्चों के द्वारा हरियाली दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों के द्वारा प्रकृति को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न प्रकार के आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किये गए। संस्था प्रबन्ध निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने बताया की छोटे छोटे बच्चों के द्वारा बहुत ही शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे हरे भरे पेड़ झपत्तियों की पोशाक में बहुत ही सुन्दर लग रहे थे। बच्चो ने हरियाली से परिपूर्ण पेड़ पतों की पोशाक से पेड़ पत्तो का जीवन में महत्व बताया व पेड़ पोधो का हमारे जीवन में क्या महत्व है उसके बारे में भी बताया। बच्चों के द्वारा पेड़ पोधो पर कविता सुनाई गई। प्रधानाचार्या डॉ. सरिता बेनीवाल ने प्रकृति को संरक्षित करने एवं उसके द्वारा होने वाले लाभ को बच्चों को वैज्ञानिक तरीके से बताया। कार्यक्रम में श्रीमती अनुराधा महेश्वरी, सरिता चौधरी, संतोष पुनिया, ममता सिंह, शकुन्तला शर्मा, प्रियंका शर्मा, प्रियंका कुमावत, चन्दन कँवर, उजाला सोनी व अन्य स्टाफ साथी की कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका रही।इस कार्यक्रम को सफल बनाने व आयोजन के लिए निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल व प्रधानाचार्या डॉ. सरिता बेनीवाल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापको को बधाई दी तथा भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।

राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर...

## गोविंदगढ़ ब्लॉक नर्सेज संयुक्त समिति के तत्वावधान में 11 सूत्री मांगों को लेकर नर्सेज ने किया प्रदर्शन




सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय आह्वान पर आज गोविंदगढ़ ब्लॉक नर्सेज संयुक्त समिति के तत्वधान नर्सेज की 11 सूत्री मांगों को लेकर ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप जिला चिकित्सालय चौमूं में नर्सेज द्वारा सुबह 8 बजे से 10 बजे तक गेट मीटिंग व विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर प्रदेश संघर्ष समिति के सदस्य केके यादव, राजेंद्र मीणा, यजुवेंद्र यादव, कैलाश गुर्जर, जयपुर जिला संयोजक अनेश सैनी ने उपस्थित नर्सेज कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। मीटिंग के दौरान ब्लॉक संयुक्त समिति के संयोजक देवदत्त शर्मा ने संघर्ष के आगामी चरणों पर विस्तार से चर्चा की एवं ब्लॉक के सभी नर्सेज साथियों से आह्वान किया कि नर्सेज की 11 सूत्री मांगों को लेकर दिनांक 4 अगस्त को एस.एम. एस.अस्पताल जयपुर के गेट नंबर 3 पर ब्लॉक गोविंदगढ़ नर्सेज की तरफ से सामूहिक धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक नर्सेज साथियों सहित उपस्थित होवें।

इस मौके पर रिदकरण सोनवाल ,बुद्धि प्रकाश मीणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमित सैनी, प्रदेश संघर्ष समिति सदस्य प्रवीण सैनी, सचिव सहीराम चौधरी ,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश डबरिया, सहसंयोजक सुनीता टांक ,सुमन कुमावत , लक्ष्मी नारायण कुमावत ,बजरंग लाल शर्मा ,राजेश शर्मा , अमिताभ महला , सुरेंद्र शर्मा , शकुंतला शर्मा ,मुकेश चौधरी , सुमन कुमावत, संगीता , दीपमाला , सरोज कुलदीप एवं अन्य नर्सेज कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उमंग सिलाई केंद्र के प्रथम बैच के प्रशिक्षणार्थियों वितरित किए गए प्रमाण पत्र

*उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ ने निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर, रोटरी क्लब व सिंगर इंडिया के सहयोग से चलाये जा रहे यूईएम महिला आजीविका निर्माण गृह के सिलाई प्रशिक्षण लेने वाले प्रथम बैच के प्रशिक्षणार्थियों को चौमूं उपखण्ड अधिकारी राजेश जाखड़ ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ व यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर के हाथों प्रमाणपत्र प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थी काफी खुश नजर आई।

यूनिवर्सिटी द्वारा चलाये जा रहे निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर प्रत्येक दिन 42 ग्रामीण महिलायें प्रशिक्षित ट्रेनर के माध्यम से ट्रेनिंग प्राप्त कर रही है। यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी ने बताया कि यू.ई.एम यूनिवर्सिटी का मुख्य उद्देश्य अच्छी शिक्षा के साथ साथ समाजसेवा के कार्य करके समाज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत रहना है। यूनिवर्सिटी प्रोजेक्ट उपनिदेशक संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि यूनिवर्सिटी अनेकों सामाजिक कार्य जैसे गावों में डस्टबिन वितरित करना, अनेकों विद्यालयों के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देना, मेडिकल कैंप आयोजित करना, वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम करने के साथ साथ राजस्थान के 25 गांव जो जयपुर, कोटा व बूंदी जिले में आते है, उनमें साक्षरता का कार्यक्रम चला रहा है, जिसमे लगभग 1500 महिलाओं को साक्षर करने के लिए यूनिवर्सिटी प्रयासरत है।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आह्वान पर...

## कर्मचारियों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** राज्य सरकार पर छलावा करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कर्मचारियों ने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आह्वान पर जिला कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया प्रदर्शन के बाद मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। महासंघ जिलाध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार का मात्र तीन माह का कार्यकाल ही शेष है और चुनाव नजदीक हैं परन्तु अभी तक सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व जो वादे कर्मचारियों से किए थे, उन वादों को पूरा नहीं कर कर्मचारियों के साथ छलावा किया है मंत्रालयिक कर्मचारियों की द्वितीय पदोन्नति ग्रेड पे 4200 नहीं की गई। कार्यप्रभारित कर्मचारियों की पदोन्नति पूर्व प्रचलित पदों पर नहीं कर नए पदनाम देकर उनके वेतनमान कम किए गए हैं जो कि कर्मचारियों के साथ धोखा है। कर्मचारियों को 9, 18 एवं 27 के स्थान पर 8, 16, 24 एवं 32 देने के साथ ही सामन्त व खेमराज कमेटी की रिपोर्ट भी प्रकाशित नहीं की गई है। इसके कारण कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने इन मांगों को जल्द पूरा करने की मांग ज्ञापन के माध्यम में मुख्यमंत्री से की। इस मौके पर महासंघ के जिला अध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी, महामंत्री योगेश पाण्डे, उपाध्यक्ष गंगाराम गुर्जर,

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

# सुरक्षित माहौल में ही विकास की धुरी बन सकेंगी महिलाएं

महिला और पुरुष जीवन के दो पहिए हैं, तो विकास के भी दो पहिए हैं। परिवार की समृद्धि में महिलाओं की अहम भूमिका है तो राष्ट्र के आर्थिक विकास में भी उनका अहम योगदान है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण राष्ट्रीय विकास को गति देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना सही है कि महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी तरीका 'महिला नीत विकासात्मक दृष्टिकोण' है। जी-20 के 'महिला सशक्तिकरण मंत्रिस्तरीय सम्मेलन' में पीएम मोदी ने विकासशील देशों के संदर्भ में उल्लेखनीय बात की कि 'जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है।' उन्होंने मौजूदा परिदृश्य में महिला उद्यमियों को समान अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। हमारा लक्ष्य समान अवसर मुहैया कराने वाला मंच बनाने का होना चाहिए जहां महिलाओं द्वारा उपलब्धि हासिल करना सामान्य बात हो जाए। हमें उन बाधाओं को दूर करने पर काम करना चाहिए जो बाजार, वैश्विक मूल्य श्रृंखला तथा किफायती वित्त तक उनकी पहुंच को रोकती हैं। महिलाओं की शिक्षा तक पहुंच वैश्विक प्रगति को बढ़ावा देती है। उनका नेतृत्व समावेशिता बढ़ाता है और उनकी आवाज सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है। यह बिल्कुल सही बात है, लेकिन कैसे? क्या समाज महिलाओं का नेतृत्व स्वीकार कर रहा है? क्या हमारी राजनीति महिलाओं को उनका हक दे रही है? क्या हमारी न्याय व्यवस्था में महिलाओं को इंसाफ मिल रहा है? क्या हमारी पुलिस व्यवस्था में महिलाओं को सुरक्षा मिल रही है? क्या परिवार में महिलाओं को वो आर्थिक हक मिल रहा है, जिनकी वो हकदार हैं? क्या मणिपुर जैसी घटनाएं रुक रही हैं? बेशक महिलाओं की उपलब्धियों के अनेक स्वर्णिम उदाहरण हैं, लेकिन वे अल्प हैं, बहुतायत में नहीं है। जी-20 के अनेक देशों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व पारिवारिक दशा बेहद दारूण हैं। महिलाएं शोषण की शिकार हो रही हैं, उन्हें सबसे अधिक यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है। भारत में भी महिलाओं की दशा बहुत अच्छी नहीं है। संवैधानिक समानता के बावजूद वो सामाजिक समानता के लिए संघर्ष कर रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े डराते हैं। वे रेप, हत्या, घरेलू हिंसा की शिकार हो रही हैं। निश्चित रूप से आर्थिक आजादी मिलने से महिलाएं राष्ट्र के विकास में क्रांतिकारी योगदान दे सकती हैं, लेकिन क्या वित्तीय संस्थाएं महिलाओं को कर्ज देने के मामले में उदार हैं? भारत की कृषि अर्थव्यवस्था में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है, इसके बावजूद उन्हें किसान का दर्जा आसानी से नहीं मिलता। कृषि के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य आदि अनेक क्षेत्र हैं, जिनमें महिलाएं अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, इसके बावजूद अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को सराहा नहीं जाता है। महिलाओं के आर्थिक विकास में भागीदार बनने के लिए जरूरी है कि परिवार, समाज व कार्यस्थल उनके लिए सुरक्षित हों। आज महिलाओं के लिए सुरक्षा बड़ा प्रश्न हैं। आर्थिक विकास की मुख्यधारा में महिलाओं की भागीदारी और बढ़नी चाहिए, शतप्रतिशत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना राष्ट्रीय स्तर पर कार्यान्वित होनी चाहिए। जी-20 देशों को चाहिए कि वे महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने के लिए मैकेनिज्म बनाने की दिशा में काम करें।

# कब रुकेंगे महिलाओं पर जुल्म



मणिपुर हिंसा
प्रो. नीलम महाजन सिंह

समाज का स्वरूप चाहे कितना भी प्रगतिशील हो, महिलाओं के खिलाफ घृणित से घृणित अपराध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मणिपुर की घटना से मेरा दिल टूटा हुआ है और मेरी आत्मा छलनी हो गई है। मेरी आंखों से आँसू थम नहीं रहे हैं। हर बार मुझे समय में पीछे जाकर महिलाओं के जीवन में घटी उन दर्दनाक घटनाओं को याद करना पड़ता है, जिन्हें साधारण भाषा में 'महिलाओं के खिलाफ अपराध' कहा जाता है। मणिपुर में महिलाओं के साथ भयावह घटना ने महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यानाकर्षित किया है। मणिपुर जैसी घटनाएं देश की छवि को तार तार करती है। ऐसा न हो कि समाज टूट जाये और भविष्य में अंधकार छा जाये।

महिलाओं के खिलाफ अपराध बोनसाई बन गए हैं। समाज का स्वरूप चाहे कितना भी प्रगतिशील हो, महिलाओं के खिलाफ घृणित से घृणित अपराध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। जब मैं यह आलेख लिख रही हूँ, देश-दुनिया में कहीं ना कहीं, किसी न किसी महिला के साथ किसी ना किसी प्रकार का अपराध घटित हो ही रहा होगा। मणिपुर जैसी चित्त को तार-तार करने वाली घटनायें अब हमें दहलाती नहीं हैं? महिलाओं के खिलाफ बड़े से बड़े नृशंस अपराध हो जाएं, हम चिंता जता कर, मोमबती जला कर, भाषण देकर आगे निकल जाते हैं। समाज के वैचारिक सड़ांध व मानसिक विकृति को खत्म करने की कोशिश नहीं करते हैं। आखिर कब तक ... यूं ही बेकसूर इनोसेंट महिलाओं की आत्माएं विकृत सोच वाले पुरुषों के घृणित अपराध से छलनी होती रहेंगीं? क्या मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करना हमारे समाज, हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति और पौरुषेय का निर्वस्त्रीकरण नहीं है? राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक, भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध के हर घंटे करीब 49 मामले दर्ज होते हैं, रेप के प्रतिदिन करीब 84 मामले दर्ज होते हैं। ये आंकड़े बता रहे हैं कि महिलाओं के खिलाफ अपराध कितने व्यापक स्तर पर होते हैं।

मणिपुर की घटना से मेरा दिल टूटा हुआ है और मेरी आत्मा छलनी हो गई है। मेरी आंखों से आँसू थम नहीं रहे हैं। भारत की राष्ट्रपति भी महिला हैं; महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी। हर बार मुझे समय में पीछे जाकर महिलाओं के जीवन में घटी उन दर्दनाक घटनाओं को याद करना पड़ता है, जिन्हें साधारण भाषा में 'महिलाओं के खिलाफ अपराध' कहा जाता है। प्रत्येक सरकार जो सत्ता में आती है, हमारे देश में महिला आबादी व समान अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालती है। राजनेताओं का कहना है कि वे समाज में महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने यह भी देखा है कि समय-समय पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय और राज्यों के उच्च न्यायालयों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े आदेश दिये हैं। उन्होंने इस बात पर ज़्यादा ज़ोर दिया है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को कैसे रोका जाए। मणिपुर में महिलाओं के साथ भयावह घटना ने महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यानाकर्षित किया है। जैविक रूप से एक पुरुष व एक महिला अलग प्रकृति से ज़रूर बने होते हैं, लेकिन व्यक्तित्व रूप से समान होते हैं। फिर दोनों लिंगों के प्रति दृष्टिकोण में अंतर क्यों है? पिछले तीन दशकों से मैंने महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों का अध्ययन किया है। मैं उन लोगों में से थी जिन्होंने भारत में मतदान की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का विचार; तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दिया था। मेरा हमेशा से यह दृढ़ विश्वास रहा है कि हमारे देश के शासन में युवाओं को अधिक शक्ति दी जानी चाहिए। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकारी स्तर पर इतनी कोशिशों के बावजूद आज महिलाएं समाज में हाशिए पर क्यों हैं? वो इतना वलनरेबल क्यों हैं? सरकार, पुलिस तंत्र, न्याय तंत्र मिल कर भी महिलाओं को सुरक्षा बोध क्यों नहीं करवा पा रहे हैं? मणिपुर जैसी घटनाएं क्यों



घटित हो रही हैं? इस पर मुख्य न्यायाधीश डॉः डी वाई चंद्रचूड व उनकी खंड पीठ ने मणिपुर सरकार व केंद्र सरकार के किसी भी आश्वासन को स्वीकार नहीं किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं ही मणिपुर की भयानक घटना पर संज्ञान लिया था। आज हमें उन भयावहताओं को याद करना होगा, जिनसे महिलाएं गुज़री हैं और कैसे उनके साथ अमानवीय क्रूरता का व्यवहार किया गया है, कैसे उन्हें भावनात्मक रूप से प्रताड़ित, परेशान किया गया व उन्हें घुटन का सामना करना पड़ा है। नैना साहनी का 'तंदूर मर्डर केस', शकेरें खलीली को जिंदा दफना दिए जाने के मामले; आज भी हमें परेशान करते हैं। जेसिका लाल कांड, प्रियदर्शिनी मट्टू की निर्मम हत्या, निर्भया कांड ने समाज की सामूहिक चेतना को आक्रोशित किया। संसद द्वारा एक कानून बनाया गया है, 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम -2013'। इस कानून ने 'विशाखा दिशानिर्देश' का स्थान लिया है। न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा ने ऐसे नियम और कानून बनाए जिनका अनुपालन हर राज्य के लिए अनिवार्य है। सरकार के वादे व कठोर कानून के बावजूद महिलाओं के खिलाफ अपराध कम नहीं हुए हैं। हर साल पिछले साल से अधिक घटनाएं हो रही हैं, घटनाओं की भयावहता बढ़ रही हैं। अब रेप, गैंगरेप, हत्या जैसा घटनाओं में नृशंसता और बढ़ी हैं। हत्या के बाद शव के टुकड़े टुकड़े किए जा रहे हैं? आखिर अपराधियों में इतना मानसिक विकृति क्यों है? आखिर अपराधियों में पुलिस का भय क्यों नहीं रह गया है?


हिंदू धर्म में कोई भी धार्मिक समारोह, महिला की उपस्थिति के बिना अधूरा है। उपनिषद, महिलाओं को देवी के रूप में स्तुति करते हैं। पवित्र 'क़ुरान' माँ को महत्व देती है और उसके बाद पिता को! यदि आप अपने माता-पिता से प्यार व उनका सम्मान नहीं करते हैं, तो कोई भी धर्म आपकी प्रार्थना स्वीकार नहीं करेगा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में एक श्लोक हैः एक माँ अपने बेटे के अपराधों पर ध्यान नहीं रखती। हे भगवान, मैं आपका बेटा हूँ। आप मेरे पापों को नष्ट क्यों नहीं करते? माँ एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी होती है। पवित्र बाइबल कहती है कि माँ मैरी प्रभु यीशु की माँ है। फिर समाज में बर्बर पुरुषों का एक ऐसा वर्ग क्यों है, जो मनोरोगी अपराधी हैं? ये बर्बर पुरुष महिलाओं के साथ घृणा, शत्रुता व अवमानना का व्यवहार करते हैं। माँ अपने जीवन की आखिरी सांस तक अपने लड़के या लड़की की देखभाल करती है। फिर ऐसा क्यों है कि हम माँ, पत्नी, बहन या बेटी का सम्मान नहीं करते? समाज महिलाओं के प्रति इतना बर्बर क्यों हो गया है? मैं एक महिला हूँ और मैं उस दर्द को समझती हूँ जो एक माँ, पत्नी, बेटी, बहन या हमारी महिला मित्रों के साथ दुर्व्यवहार होने पर होता है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पहली महिला न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति फातिमा बेगम थीं। जस्टिस भानुमति, इंदु मल्होत्रा, इंदिरा बनर्जी, बी.वी. नागरत्ना, बेला त्रिवेदी आदि भारत के सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचीं। स्त्रियों के संबंध में भगवद्गीता कहती है, सभी महिलाओं का सम्मान हो। (गीता 932.3)। इसके बाद भी व्यवहार में महिलाओं के प्रति समानता का भाव उत्पन्न नहीं हो सका है। संविधान बेशक पुरुष व महिला को समान अधिकार देता है, लेकिन समाजिक स्तर पर, परिवार के स्तर पर अभी भी महिलाओं को भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

आइए जाति, धर्म व लिंग भेद से ऊपर उठकर अपने सपनों का एक ऐसा भारत बनाएं, जहां महिलाओं को सम्मान व सुरक्षा मिले। यह अगस्त का माह है, इसमें हम स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे। इस दिन हमारा संकल्प महिलाओं को सम्मान व सुरक्षा का होना चहिए। मणिपुर जैसी घटनाएं देश की छवि को तार तार करती है। ऐसा न हो कि समाज टूट जाये और भविष्य में अंधकार छा जाये, क्योंकि हम भारत के लोगों को महिला सशक्तीकरण का हिस्सा बनना है। सत्यमेव जयते।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

राजनीति
योगेश कुमार सोनी



# इंडिया-भारत में उलझी सियासत

जब से विपक्ष ने विपक्षी दलों ने अपने नए गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव (इंडिया) रखा है तब से भारतीय राजनीति में भूचाल सा आ गया है। इस मामले को लेकर हर रोज किसी न किसी पार्टी व नेता का ब्यान आ रहा है। जहां विपक्ष इस गठबंधन के आधार पर यह कह रहा है कि अब लड़ाई इंडिया और मोदी के बीच की है वहीं दूसरी ओर केन्द्र सरकार इसको अपने तरह से परिभाषित कर रही है। पक्ष-विपक्ष इन तथ्यहीन बहस पर जितना समय बर्बाद कर रहा यदि उतना समय देश में चल रही अहम गतिविधियों पर ध्यान दे दिया जाए तो देश की स्थिति कुछ सुधर जाए। यदि विपक्षी गठबंधन ने अपने खेमे का नाम इंडिया रख भी दिया तो इसमें केन्द्र सरकार इतना परेशान क्यों है? केन्द्र में बीते दो कालखंडो से बीजेपी की सरकार है और यदि आपने बेहतर काम किये हैं तो जनता आपके साथ है और आपको वोट देगी लेकिन यह बौखलाहट दिखाकर आप क्या साबित करना चाहते हैं? इस मामले को लेकर स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने बीते मंगलवार को बीजेपी सांसदों की बैठक में कांग्रेस समेत 26 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' को निशाना बनाया। संसद मानसून सत्र में पहली बार बीजेपी सांसदों की बैठक के बाद बीजेपी प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि "पीएम ने कहा कि इंडियन नेशनल दल कांग्रेस एक अंग्रेज ने बनाई थी। ईस्ट इंडिया कंपनी भी अंग्रेजों ने बनाई थी। आजकल लोग इंडियन मुजाहिदीन भी नाम रखते हैं।इंडियन पीपुल्स फ्रंट भी रखते हैं।''

मोदी ने विपक्ष को दिशाहीन करार दिया और कहा कि ऐसे लोग देश के नाम का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह नहीं कर सकते। लेकिन सवाल यही है कि मौजूदा स्थिति में जिन चुनौतियों से लड़ रहे हैं यह सब उससे बढ़कर हो सकता है? देश में बाढ़ की वजह से मानव जीवन कितना प्रभावित हुआ है व साथ मणिपुर में बीते तीन महीनों से हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही। सैकड़ों लोगों की जान जा रही हैं,बेटियों को नंगा करके ब्लात्कार किया जा रहा है। बीते दिनों सोशल मीडिया पर मणिपुर का वीडियो वायरल हुआ जिसमें दो महिलाओं को नग्न करके घुमाया जा रहा है। इस मुद्दे पर देश में बड़े स्तर पर हलचल है। संसद सत्र में भी इसको लेकर पक्ष-विपक्ष में हंगामा जारी है।इस घटना से पूरे देश प्रभावित हुआ है और दिल्ली में रह रहे मणिपुर वासियों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया है। उनका कहना है हिंसा इतने लंबे समय कैसे चल रही है? कितने लोग बिना वजह मारे जा चुके और महिलाओं को नग्न करके सरेआम घुमाया जा रहा है। देश में नागरिक सुरक्षा के नाम कुछ भी नही हैं।इसके अलावा इस घटना से केन्द्र सरकार की लोग आलोचना कर रहे हैं। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के हर कोने में जा रहे हैं लेकिन उन्होंने अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं किया है। इतनी बड़ी घटना पर आखिर सरकार कोई एक्शन क्यों नहीं ले रही?क्या मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है?या मणिपुर सेंट्रल गवर्नमेंट का अटेंशन डिजर्व नहीं करता है?क्या केंद्र सरकार की ये ड्यूटी नहीं है कि मणिपुर में शांति के लिए कोई बड़ा एक्शन लिया जाए? इन सब सवालों पर मंथन की जरूरत है।मणिपुर में हिंसा शुरू हुए तीन महीने से ज्यादा हो गया है।आज भी वहां हालात स्थिर नहीं है।फायरिंग और मर्डर की घटनाएं रुकने का नाम ही नही ले रही हैं।मणिपुर में जो भी हो रहा है उससे हर कोई परेशान हैं। क्या हमारा देश तालिबान की राह पर चल पड़ा। इसके अलावा हमारी सरकार व एजेंसियां यह रोकने में विफल हैं कि मणिपुर हिंसा में चीनी बाइक,हथियार व बम कहां से आ रहा है। इस बात से यह स्पष्ट हो जाता है कि बाहरी ताकतें हमारे देश में कुछ भी कर सकती हैं। यह पूर्ण रुप से हमारी विफलता है। क्या मणिपुर में जो हो रहा है या दिख रहा है,हकीकत में सच वही है या कुछ और?बहरहाल गैंग रेप से देश में लगातार आक्रोश बना हुआ है।दिल्ली के जंतर मंतर पर कुकी समुदाय के लोगों ने मणिपुर हिंसा के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने मांग की है कि गैंगरेप के दोषियों को केवल फांसी की सजा मिलनी चाहिए। ऐसे गंभीर मामले में कोर्ट को जल्द से जल्द संज्ञान लेना चाहिए लेकिन इसकी सुनवाई नही हुई। बीते शुक्रवार को इस पर सुनवाई होनी थी लेकिन अगले हफ्ते के लिए टाल दी गई। इस घटना से यह तो तय हो जाता है कि हम देश की बहन-बेटियों की रक्षा व सुरक्षा के लिए कितने संजीदा है। ऐसी घटनाओं से देखकर यह लगता है कि हम गुलाम भारत में ज्यादा सुरक्षित रहे होंगे। आज हम आजाद भारत को गुलाम होते अपनी आंखों से देख रहे हैं। देश की आजादी के 76 वर्ष बाद भी यदि हम देश व गठबंधन के नाम पर लड़ या राजनीति कर रहे हैं तो निश्चित तौर पर हम दिशाहीन हैं। लेकिन हम आज भी इंडिया और भारत की लड़ाई से मात्र घेराव कर रहे हैं और न जाने क्यों हम क्यों अनजान बने हुए हैं। हमारे देश में बढ़ती बेरोजगारी की वजह से युवाओं के सामने कई चुनौतियां आ रही है। असली मुद्दों से हम क्यों जी चुरा रहे हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



श्रीश्री रविशंकर
चिंतन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया श्राप



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## सटाका




## आज की पाती

### अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो

देश के सर्वोच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश को कुछ तथाकथित फ्रस्टेटिड यानी निराशावादी लोगों ने अभद्र टिप्पणियां करके बेइज्जत किया है। सरकार को चाहिए कि वह सोशल मीडिया पर इस तरह की अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करे। सोशल मीडिया पर आजकल मनमाफिक सामग्री प्रसारित की जा रही है जिसका लक्ष्य अक्सर विरोधियों को नीचा दिखाना होता है। सरकार को ऐसे प्रबंध करने चाहिए कि इस तरह की सामग्री का प्रसारण सोशल मीडिया पर न हो पाए। नागरिक समाज को भी शिक्षा दी जानी चाहिए कि इस तरह की सामग्री का प्रसारण करके कोई राष्ट्र हित हासिल नहीं किए जा सकते हैं।

- **रविंद्र जोशी**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# पोलैंड ने बेलारूस की सीमा पर भेजी सेना

रूस के खिलाफ यूक्रेन की खुलकर मदद कर रहे नाटो सदस्य देश पोलैंड की सेना ने देश की पूर्वी सीमा पर अपने सैनिकों को भेजा है। यह सीमा बेलारूस से सटी हुई है जो रूस का करीबी सहयोगी देश है। पोलैंड का कहना है कि बेलारूस के दो हेलिकॉप्टरों ने उसकी हवाई सीमा का उल्लंघन किया है। इस घटना के बाद तनाव बढ़ गया है। रूस ने हाल ही में बेलारूस को परमाणु बम दिया है और तानाशाह लुकाशेंको ने कई बार वैगनर वद्रिोहियों का नाम लेकर चेतावनी भी दी है। इस बीच बेलारूस की सेना ने इस तरह के हवाई अतिक्रमण की घटना का खंडन किया है और आरोप लगाया कि पोलैंड अपनी सेना को तैनात करने के कारणों को सही ठहराने के लिए इस तरह के आरोप लगा रहा है। इससे पहले बेलारूस के तानाशाह ने पोलैंड पर तंज कसा था और कहा था कि रूस के वैगनर लड़ाके पोलैंड की सीमा के पास मौजूद हैं। इसके बाद पोलैंड के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि वह अतिरिक्त सैनिक और संसाधन भेज रहा है जिसमें लड़ाकू हेलिकॉप्टर शामिल हैं। पोलैंड ने यह भी कहा कि उसने नाटो को भी इस सीमा उल्लंघन के बारे में बता दिया है। साथ बेलारूस के राजदूत को तलब करके स्पष्टीकरण मांगा गया है।



## ऑफ बीट

# अंटार्कटिका में ग्रीनलैंड से बड़ा बर्फ का टुकड़ा गायब

हम गर्मी की घातक लहरें, जंगल की भीषण आग और रिकॉर्ड वैश्विक तापमान से गुजर रहे हैं। लेकिन आग की लपटों से दूर, ग्रह के सबसे दक्षिणी सिरे पर, कुछ चौंकाने वाला घटित हो रहा है। इस गर्मी में तापमान रिकॉर्ड न्यूनतम सीमा तक पहुंचने के बाद अब खुले समुद्र का क्षेत्र ग्रीनलैंड से भी बड़ा है। यदि 'लापता' समुद्री बर्फ एक देश होता, तो यह दुनिया का दसवां सबसे बड़ा देश होता। तैरती हुई समुद्री बर्फ एक महत्वपूर्ण जलवायु पहेली है। हर साल अंटार्कटिक समुद्री बर्फ में परिवर्तन होता है। फरवरी में इसकी न्यूनतम गर्मी से, सर्दियों के जमने के दौरान इसका क्षेत्रफल छह गुना से अधिक बढ़ जाता है जो सितंबर में अपने चरम पर पहुंच जाता है। पिछले सात वर्षों में, अंटार्कटिक समुद्री बर्फ में नाटकीय रूप से बदलाव आया है। दो साल पहले रिकॉर्ड उच्च स्तर के बाद, 2016 के अंत में समुद्री बर्फ की मात्रा नाटकीय रूप से गिरकर फरवरी 2017 में न्यूनतम रिकॉर्ड स्तर पर आ गई। इसके बाद लगातार निम्न वर्ष आए और फरवरी 2022 में दक्षिणी गोलार्ध में गर्मियों का रिकॉर्ड फिर से टूट गया और सबसे हाल ही में 2023 में 17 लाख 90 हजार वर्ग किलोमीटर की एक नई न्यूनतम सीमा दर्ज की गई, जो पिछले साल की गर्मियों के रिकॉर्ड से लगभग 10% कम है।



## ट्रेंड

### उन्हें डर लग रहा है

पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने लाल डायरी के पन्ने सामने लाकर एक सच तो साबित कर दिया कि गहलोत जी ने विस में गुंडागर्दी क्यों कराई? सीएम साहब ने बेटे का राजनीतिक करियर बनाने के लिए सारे हथकंडे अपनाए हैं। तभी तो उन्हें डर लग रहा है।

-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री



### पद छोड़ दें मुख्यमंत्री

मणिपुर सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के अभियोग को दिल्ली में पीएमओ और इंफाल में सीएमओ तक पहुंचने में कितना समय लगेगा? यदि मणिपुर में संवैधानिक नैतिकता की थोड़ी भी समझ है, तो उन्हें तुरंत पद छोड़ देना चाहिए।

-पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता



### असहमत नहीं हो सकते

जब तक ऐसे कुछ मुद्दे न हों जिनमें आप अपने राजनीतिक दल से थोड़ा भी असहमत हों, तब तक आप किसी राजनीतिक दल में नहीं हैं, आप एक पंथ में हैं। किसी भी दल से जुड़?ने की पहली शर्त यह हो गई है कि आप किसी भी तरह असहमत नहीं हो सकते।

-एलन मास्क, उद्योगपति



### बहुत काम करना पड़ा

कोरियोग्राफर शबीना खान, जिन्होंने गदर 2 के सभी गाने किए हैं, को सकीना के किरदार में ढलने और 21 साल की मां की भूमिका निभाने के लिए उन्हें और अधिक परिपक्व दिखाने के लिए अमीषा पटेल के लुक पर बहुत काम करना पड़ा।

-अमीषा पटेल, अभिनेत्री






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## मातृशक्ति सम्मेलन संवर्धिनी की व्यवस्थाओं को लेकर जैन भवन में कार्यकताओं की हुई बैठक



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर। (विनोद धायल)** श्री केशव संस्कृति प्रन्यास सीकर द्वारा 6 अगस्त को जैन? भवन में आयोजित होने वाले मातृशक्ति सम्मेलन संवर्धिनी की व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकताओं की बैठक हुई। प्रांत सम्मेलन संयोजिका संगीता जांगिड़ ने बताया कि सीकर संभाग और आसपास के क्षेत्र की दो हजार जागृत महिलाएं इसमें भाग लेगीं। कार्यक्रम संयोजिका कविता अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में महिलाओं और बालिकाओं को लेकर बहुत सी चुनौतियां समाज के समक्ष मौजूद है और उसके लिए विशेष चिंतन की आवश्यकता है। विभिन्न संगठनों, जाति, समुदाय, क्लब, संस्था से जुड़ी महिलाएं जो समाज के प्रति कुछ करने की सोच रखतीं हैं, उनको एक मंच- एक विचार बनाने के उद्देश्य से इस महा सम्मेलन का आयोजन पूरे भारतवर्ष में किया जा रहा है। बैठक में विभाग संयोजिका प्रतिभा सैनी ,मधु कुमावत,दीपिका शर्मा ,रक्षा दोदराजका, उषा छींपा, एकता शर्मा ,दीप्ति तिवाड़ी ,शिल्पा पारीक सहित काफी संख्या में समाज की जागरूक महिलाओं ने भाग लिया।

*कार्यकारिणी का हुआ गठन*

## बाबा श्याम जी की पैदल यात्रा के लिए पाली से खाटूश्यामजी के लिए रूप रेखा तैयार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**खाटूश्यामजी। (विनोद धायल)** बाबा श्याम की प्रथम निशुल्क पैदल यात्रा के संदर्भ में कल पाली के अग्रसेन भवन में सेवादारों की मीटिंग हुई। श्याम सेवक मित्र मंडल के सेवादार मनोज मोटवानी ने मीडिया को बताया की बाबा श्याम की असीम कृपा से पाली से खाटू श्याम की प्रथम पैदल यात्रा के रजिस्ट्रेशन की दिनांक 8 अगस्त तक बधाई गयी अब तक लगभग 120 यात्रियों ने पैदल यात्रा के लिए फॉर्म भरकर रजिस्ट्रेशन करवाया है। 12 दिन की इस यात्रा में बाबा श्याम का नित नया विशेष श्रृंगार होगा, जिसमे रोज विदेशी फूलो से श्रृंगार होगा। इस यात्रा के लिए बाबा श्याम का रथ बहार से आएगा और यात्रा मे बेंड बाजा और डीजे पर बाबा के प्यारे प्यारे भजनों के साथ हर्षोल्लास से सभी यात्री 15 अगस्त 2023 को हाऊसिंग बोर्ड स्थित श्याम मंदिर काजरी धाम से यात्रा प्रारंभ करेंगे और 26 अगस्त 2023 को खाटूश्यामजी के दर्शन कर यात्रा पूर्ण करेंगे। भगतों की वापसी हेतु बस की व्यवस्था हैं। श्री श्याम सेवक मित्र मंडल के सेवादारों ने बताया की यात्रियों की छोटी से छोटी जरूरतों को ध्यान में रखा गया हैं। पैदल यात्रियों को किसी भी प्रकार की पीड़ा ना हो इस लिए मेडिकल टीम साथ मे रहेगी, रोज रात्रि विश्रामगृह में बाबा श्याम का कीर्तन साज सज्जा से होगा। जिसमे सभी श्याम प्रेमियों द्वारा मधुर भजनो बाबा श्याम से रिंजाया जायेगा। पालीवासियों की इस यात्रा से प्रभावित होकर सोजत, जोधपुर, गुजरात, ब्यावर , अजमेर, किशनगढ़ के अनेकों भगतो ने यात्रा को अपने अपने स्थानों से जोड़ने का निवेदन मंडल को किया हैं। मीटिंग में सारी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चचाएं हुई और सभी सेवादारों को काम सौंपा गया। इस यात्रा के लिए काजरी धाम के पुजारी शिव प्रसाद शर्मा ने बताया की इस विशेष दिन के लिए 13 अगस्त कों कीर्तन होगा और मंदिर को विशेष पुष्पो व रंग बिरंगी रोशनी से सजाया जायेगा। मीटिंग के समय में ललित जैन, पुनीत राठी,नीलम बंसल,मयूर गोयल, राजेश वासवानी, मुकेश आडवाणी कैलाश गुप्ता, अर्जुन गहलोत, अक्षय दवे,दिलीप साधवानी, सहित बाबा के बहुत प्रेमी मौजूद रहे।

## अणुव्रत समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमति पारख ने न ई कार्यकारिणी बनाई।

**उमेश कुमार मोदी/श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर।** अणुव्रत समिति श्री डूंगरगढ़ (बीकानेर। के अध्यक्ष सुमति पारख की अध्यक्षता मे मिटिंग



आयोजित हुई। सर्वप्रथम अणुव्रत समिति के अध्यक्ष श्री सुमति पारख ने कार्यकरणी की घोषणा की जिसमे मंत्री एडवोकेट रणवीर सिंह खिची, उपाध्यक्ष ( प्रथम) सत्यनारायण स्वामी, ( द्वितीय ), विमल भाटी, सहमंत्री संजय पारीक , कोषाध्यक्ष विक्रम मालू , संगठन मन्त्री अशोक बेद , प्रचार प्रसार मन्त्री अशोक झाबक, संरक्षक विजयराज सेठिया , तुलछीराम चोरड़िया कार्यकरणी सदस्य विशाल स्वामी, मनोज गुसाईं, कुंभाराम घिंटाला, पवन सेठिया, के. एल. जैन, राधेश्याम दर्जी, विजय महर्षि,सुशील सेरडिया, भैराराम डूडी, शुभकरण पारीक-परामर्शदाता-मोहनलाल सिंगी,छत्र सिंह बोथरा, भीकमचंद पुगलिया, महावीर माली, लीलाधर सारस्वत को नियुक्त किया गया। न ई कार्यकारिणी से लोगो को बहुत आशा है।

## ग्रीन प्रोजेक्ट और गोकुल किड्स केयर ने बच्चों के साथ किया पौधरोपण

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** । पर्यावरण संरक्षण तथा पौधारोपण के प्रति आम नागरिकों में जागरूकता इस कदर है कि शहर के गणमान्य नागरिक प्रत्येक अवसर पर स्वय तो पौधारोपण कर ही रहे है साथी अपने परिवार व परिवार के नन्हे मुन्ने बच्चों के मन में भी प्रकृति के लिए प्रेम के बीज रोपित कर रहे हैं। आज नन्हे नन्हे हाथों से जब बच्चे पौधे लगा कर पुलित हो उठे तो लगा अब हरित ब्यावर का सपना साकार होने को है ।ग्रीन प्रोजेक्ट ब्यावर और गोलकुल किड्स केअर ने एलकेजी कक्षा के बच्चों के साथ एस. डी.कॉलेज में पौधारोपण कर ब्यावर की हरित क्रांति में सहभागिता निभाई ।

पंचतत्व में विलीन...

# अलविदा : मोहन लाल कुमावत के पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

### ग्रामीणों ने विशाल तिरंगा रैली निकाली, नम आंखों के साथ दी विदाई

सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़। (विनोद धायल)।** भारतीय नौसेना में दांतारामगढ़ के रहने वाले 24 वर्षीय मोहन लाल कुमावत का दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। बुधवार को सुबह सैनिक सम्मान के साथ जवान का पार्थिव शरीर पैतृक गांव दांतारामगढ़ पहुंचा। वीर जवान को अंतिम विदाई देने के लिए दांता सीएचसी में सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए और देशभक्ति के नारों से पूरा कस्बा गुंजायमान कर दिया। इस दौरान नौसेना से आए अधिकारियों से स्थानीय लोगों ने सैनिक मोहनलाल कुमावत को शहीद का दर्जा देने की मांग की और शहीद का दर्जा मिलने के बाद ही अंत्येष्टि करने की बात पर अड़े रहे। करीब 2 घंटे तक नौसेना के अधिकारियों, सांसद, विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारी के बीच वातार्लाप हुई जिसमें शहीद का दर्जा देने की मांग नियमानुसार भेजने पर सहमति बनी। इसके बाद दांतारामगढ़ सरपंच ने बस स्टैंड शहीद स्मारक बनाने की घोषणा की। इसके बाद वीर जवान के पार्थिव देह के साथ हजारों की संख्या में लोगों ने शामिल होकर दांता कस्बे से लेकर रामगढ़ कस्बे तक विशाल तिरंगा यात्रा निकालते हुए मोहन लाल कुमावत के घर पर पहुंचकर संस्कार पूर्ण किए इसके बाद नम आंखों से घर से वीर जवान मोहनलाल कुमावत को सार्वजनिक मोक्ष धाम लाया गया जहां पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई इस दौरान पूरा दांतारामगढ़ कस्बा भारत माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

सैनिक को श्रद्धांजलि देने के लिए युवा बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री सीताराम लांबा, विधायक वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक अमराराम, तहसीलदार विपुल चौधरी, एसएचओ सोहन लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष इंदिरा चौधरी, भाजपा नेता राजेंद्र धीरजपूरा, भाजपा नेता शक्ति सिंह अलोदा, भाजपा प्रदेश मंत्री मधु कुमावत कांग्रेस नगर अध्यक्ष पूरणमल सोनी, भाजपा प्रदेश नेता गजानंद कुमावत, पूर्व प्रधान बसंत कुमावत, सरपंच प्रतिनिधि रतन यादव, एडवोकेट भोपाल सिंह राड, एडवोकेट मूलचंद धायल, एड. राजेश चेजारा, एड. हरदेवाराम सुण्डा, एडवोकेट दिलीप कुमावत पी. डी. कुमावत, सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।









मेवात में हिंदुओं पर हमले के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल ने किया प्रदर्शन

# मेवात को नही बनने देंगे हिंदुओ का कब्रिस्तान- विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल

### मेवात घटना के विरोध विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क





**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल बीकानेर महानगर द्वारा हरियाणा के मेवात नूह जिले में बृज मंडल यात्रा पर हुए हमले के विरोध में जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन दिया। महानगर मीडिया प्रभारी के लाल आचार्य ने बताया की हरियाणा मेवात जिले के नूंह में महाभारत काल से ही भगवान शंकर का दर्शन-पूजन हेतु पांच मंदिरों पर श्रावण मास में शिवभक्त जाते है। इस धार्मिक यात्रा में लगभग 20-25 हजार दर्शनार्थी अभी यात्रा हेतु निकले ही थे कि 15 मिनट बाद उन पर कट्टरपंथी इस्लामिक जिहादियों ने पत्थरबाजी, आगजनी तथा गोलियां बरसानी शुरू कर दी। जिसमें दो श्रद्धालुओं को गोलियां भी लगीं और दर्शनार्थियों के वाहन भी क्षतिग्रस्त करते हुए फूंक दिए गए।

विभाग मंत्री विंनोद सैन ने इस घटना पर आक्रोशित होते हुऐ कहा की क्या मेवात पाकिस्तान बन गया है? जहां हिन्दू अपने मंदिरों के दर्शन के लिए भी नही जा सकते, ऐसा दुष्कृत्य बर्दाश्त के बाहर है और बताया की इस घटना के जिम्मेदार वे कट्टरपंथी लोग हैं जो दंगाइयों को भड़काते हैं। उनके भड़काने के कारण से ही रामनवमी पर और अन्य हिन्दू धार्मिक यात्राओं पर इस प्रकार के कायराना हमले होते हैं। इस आतंकी हमले के कारण बजरंग दल के दो कार्यकताओं की निर्मम हत्या हुई और समाज के तीन अन्य व्यक्ति भी बलिदान हुए है। महानगर अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा की मृतकों के परिवारों को एक-एक करोड़ आर्थिक सहायता दिया जाए। वहीं जो घायल हैं उन्हें 20 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। जिनके वाहन और बसें क्षतिग्रस्त किए गए और आग के हवाले किए गए। उसकी शतप्रतिशत क्षतिपूर्ति की जाए। पूरे मेवात क्षेत्र को सील करके कांबिंग कराई जाए और एक-एक जिहादी को पकड़कर सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाए। ताकि ऐसी घटना की पुनरावृति न हो सके। प्रदर्शन के दौरान महानगर संरक्षक अशोक पड़िहार, विभाग मंत्री विंनोद सेन, महानगर अध्यक्ष अनिल शर्मा, उपाध्यक्ष ऋषिराज भाटी, गौ रक्षा प्रमुख लक्ष्मण उपाध्याय, सह मंत्री लोकेश माथुर, विधि प्रमुख विजय पारीक ,सह प्रमुख अनिल सोनी, बजरंगदल सह संयोजक विक्रम सिंह रावत, योगेश जांगिड़ , बजरंग तंवर, किशोर बांठिया, अभिषेक सुराणा, योगेश सोनी, सुंदर गहलोत, जीतू बजरंगी, सालगराम गहलोत, ऋषि पारीक, हरिकिशन व्यास, बसंत शर्मा, गोकुल जोशी, वेद व्यास, जसराज सिंवर, दीपक मोदी, सांवरमल मोदी, शांति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान ब्राह्मण महासभा खंड बांदीकुई के अंतर्गत सेवानिवृत्ति सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई/हेमंत शर्मा।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा खंड बांदीकुई के अंतर्गत सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम की पहल में ब्राह्मण समाज पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों में दिनेश चंद शर्मा ट्रेन मैनेजर मेल एक्सप्रेस का भगवान परशुराम का चित्र, साफा एवं माला द्वारा सम्मान किया गया जिनमें उपस्थित ब्राह्मण समाज पदाधिकारी नगर अध्यक्ष महेश चंद्र नांगल, मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा, नगर महामंत्री लक्ष्मी नारायण आगावली, राजेंद्र होदायली, जवाहर अवस्थी, आरडी शर्मा, ओमप्रकाश मुंशी, श्रीमती निर्मला देवी, पार्षद गिर्राज टीटी, हिटलर अवस्थी, कपूर शर्मा, महेश चंद शर्मा, नानगराम बिवाई आदि लोग उपस्थित थे।

## अलवर को मिली सौगात तो मंत्री जूली ने जताया आभार

सितारा न्यूज नेटवर्क



**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर नगर परिषद को नगर निगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अलवर में नगर निगम बनाकर सरकार ने जिले को विकास की राह पर एक बार फिर आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम बनवाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह के अथक प्रयास सराहनीय है। उन्होंने बताया कि अलवर नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

सामोद थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, नकबजनी सहित विभिन्न मामलों से जुड़े 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

### विशेष अभियान में 5 गिरफ्तारी वारंट व एक स्थायी वारंट का किया गया निस्तारण

### सामोद थानाधिकारी बाबूलाल मीणा उपनिरीक्षक के नेतृत्व में चलाया गया विशेष अभियान



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )।** पुलिस थाना सामोद पुलिस ने बुधवार को थानाधिकारी बाबूलाल मीणा उप निरीक्षक के नेतृत्व में बड़ी कार्यवाही करते हुए विभिन्न मामलों से जुड़े 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । सामोद थानाधिकारी बाबूलाल मीणा उप निरीक्षक ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आईपीएस डॉ राजीव पचार के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाकर विभिन्न लंबित प्रकरणों के वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी, संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ , एवं अवैध हथियार रखने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु संदिग्ध स्थानों पर रेड करने व अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया था उक्त अभियान के दौरान थाना सामोद की अलग-अलग टीमों का गठन कर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई जहां अलग-अलग मामलों में 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । थानाधिकारी बाबूलाल मीणा उपनिरीक्षक ने बताया कि कार्यवाही के दौरान भविष्य जाकर ग्राम महादेव नगर में अभियुक्त राकेश सांसी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 592 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया । ग्राम उदयपुरिया से अभियुक्त मोहनलाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 48 पव्वे अवैध शराब के जब्त किए गए । थाना क्षेत्र के ग्राम झीड़ा में स्थित ट्रांस इंडिया नोनवावेन्स फैक्ट्री में से 1 अप्रैल 2023 की रात्रि फैक्ट्री का ताला तोड़कर कारपेट के रोल चोरी करने के मामले में करीब 3 माह से फरार चल रहे अभियुक्त सुनील कुमार मीणा उर्फ सुन्ना व लालाराम जाट को गिरफ्तार किया गया है ।अभियुक्त सुनील कुमार मीणा और सुन्ना से घटना में प्रयुक्त वाहन ट्रैक्टर मय ट्रॉली के जब्त किया गया । वहीं माननीय न्यायालय द्वारा अलग-अलग गिरफ्तारी वारंटो का निस्तारण करते हुए वारंटी राकेश मीणा, जितेंद्र कुमार मीणा व हनुमान गुर्जर निवासी को गिरफ्तार किया जाकर कुल 5 गिरफ्तारी वारंट व एक स्थाई वारंट का निस्तारण किया गया है ।

#### विभिन्न मामलों में गिरफ्तार अभियुक्त

सामोद थाना पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में दबिश दी जाकर थाना सामोद जिला जयपुर के राकेश पुत्र हरिराम जाति सांसी उम्र 38 थाना कालाडेरा जिला जयपुर हाल महादेव नगर, मोहनलाल पुत्र प्रभात राम जाति रेगर उम्र 45 निवासी उदयपुरिया , सुनील कुमार पुत्र रामपाल जाति मीणा उम्र 30 निवासी झीड़ा लाला राम पुत्र छीत्तर मल जाति जाट उम्र 58 निवासी बांसा कुशलपुरा, राकेश पुत्र जगदीश जाति मीणा उम्र 23 निवासी मोरीजा ,जितेंद्र पुत्र जगदीश जाति मीणा उम्र 27 निवासी मोरीजा, हनुमान पुत्र सुवालाल जाति गुर्जर उम्र 30 निवासी मोरीजा को गिरफ्तार किया गया है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# 'महासंग्राम' में वाटर कैनन और पुलिस की लाठियों के बीच डटे रहे 'रामरतन नासणा'

## जयपुर जिला परिषद सदस्य नासणा अपने दूदू क्षेत्र से हजारों भाजपाइयों को साथ लेकर सांसद भागीरथ चौधरी के जत्थे में हुए थे शामिल





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विगत मंगलवार को राजधानी जयपुर के स्टेचू सर्किल पर प्रदेश भाजपा की ओर से किए गए व्यापक प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता, सांसद और पार्टी की युवा ब्रिगेड के नेता पुलिस की ओर से बरसाई गई लाठियों और वाटर कैनन से घायल हुए इनमें राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, प्रतिपक्ष के उपनेता और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह अलवर सांसद बालक नाथ, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी सहित कई नेता तो हताहत हुए ही लेकिन इन सबके बीच दूदू क्षेत्र के ऊजार्वान और कर्मठ भाजपा नेता राम रतन नासणा जिस बहादुरी और उत्साह के साथ मौके पर पुलिस कर्मियों से उलझ रहे थे वह दृश्य भी काफी बेचैन करने वाला दिखा क्योंकि मौके पर नासणा चारों ओर से पुलिस की घेराबंदी में उलझ गए थे लेकिन उनके चेहरे पर बिल्कुल भी डर का भाव नजर नहीं आया उनके शरीर पर जबरदस्त तरीके से पानी की बौछारें बरसाई जा रही थी और पुलिस मौके पर डंडे भी बरसा रही थी लेकिन इसके बावजूद नासणा पुलिस की घेराबंदी को ध्वस्त करने में पूरी ताकत लगा रहे थे, कई अन्य नेताओं के साथ नासणा मौके पर जोरदार नारेबाजी करते हुए बैरिकेट्स पर चढ़ने का प्रयास भी किया शहर पुलिस के कई बड़े आला अधिकारी मौजूद थे अधिकारियों ने उन्हें समझाने का भी प्रयास किया लेकिन नासणा ने अपनी पार्टी के इस प्रदर्शन में अपने शरीर पर पड़ने वाली पुलिस की लाठियों और वाटर कैनन के दर्द को भी भूल गए और काफी देर तक अन्य भाजपाइयों के साथ उनकी भी पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और टकराव की स्थिति बनी रही हालांकि नासणा ने मौके पर कुछ भाजपाई जो पुलिस की कार्रवाई से ज्यादा हताहत हो गए थे उन्हें बचाने का भी प्रयास किया और पुलिस की घेराबंदी के बीच घायल भाजपाइयों को भी बचाते हुए नजर आए।

### दूदू क्षेत्र के भाजपाइयों को प्रदर्शन में एकजुट करने के लिए रामरतन नासणा ने खूब की कड़ी मेहनत

प्रदेश की गहलोत सरकार के खिलाफ मंगलवार को प्रदेश भाजपा की ओर से किए गए विशाल प्रदर्शन में दूदू क्षेत्र के भाजपाई बड़ी संख्या में स्टेचू सर्किल पर शामिल हुए, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी की अगुवाई में अजमेर से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता वाहनों के विशाल काफिले के साथ दूदू पहुंचे थे जहां पर पहले से ही इस प्रदर्शन को लेकर मोर्चा संभाले हुए जयपुर जिला परिषद के सदस्य और भाजपा के जोशीले नेता रामरतन नासणा हजारों की तादाद में भाजपाइयों को लेकर मौके पर अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के काफिले का इंतजार कर रहे थे, जैसे ही अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के वाहनों का काफिला दूदू पहुंचा वैसे ही इस काफिले में दूदू क्षेत्र के भाजपाइयों के वाहन भी शामिल हो गए जिसकी वजह से अजमेर जयपुर रोड पर कई किलोमीटर तक सांसद भागीरथ चौधरी का काफिला ही नजर आया, रामरतन नासणा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के काफी करीबी और विश्वासपात्र नेता हैं पिछले दिनों जब अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाला था उस समय सांसद चौधरी अजमेर से वाहनों के बड़े काफिरों के साथ हजारों की तादाद में भाजपाइयों को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे थे इस कार्यक्रम में भी रामरतन नासणा दूदू क्षेत्र के हजारों भाजपाइयों को साथ लेकर भाजपा कार्यालय पहुंचे थे, मंगलवार को प्रदेश भाजपा स्टैचू सर्किल पर किए गए विशाल प्रदर्शन के कार्यक्रम में दूदू क्षेत्र से पार्टी जनों की भीड़ जुटाने में रामरतन ने अपनी अहम भूमिका निभाई इसके लिए वे विगत कई दिनों से दूदू क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों में घूम फिर कर भारतीय जनता पार्टी के इस प्रदर्शन के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के बारे में पार्टी जनों से अपील कर रहे थे रामरतन नासणा ने गांव में चौपालों का आयोजन करके भाजपाइयों को इस कार्यक्रम के लिए एकजुट किया और अपने स्तर पर भी विभिन्न तरह के प्रबंध कर के कार्यकताओं को इस कार्यक्रम में आने के लिए प्रेरित किया उसी का नतीजा है कि दूदू क्षेत्र से हजारों की तादाद में भाजपाइयों ने गहलोत सरकार के खिलाफ किए गए प्रदर्शन के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## पूर्व विधायक सिंघल के भाई को धमकी भरा पत्र भेजकर 20 लाख की फिरौती मांगी

*पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए किया आरोपी गिरफ्तार*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/ अलवर।** शहर से पूर्व विधायक रहे बनवारीलाल सिंघल के छोटे भाई वेदप्रकाश सिंघल के घर 24 अप्रैल 2023 को एक धमकी भरा पत्र भेजकर गुंडों ने 10 लाख रुपए फिरौती देने की मांग की। फिरौती की मांग पूरी नहीं करने पर उसके बेटे को निशाना बनाने की बात कही गई। पूर्व विधायक बनवारीलाल सिंघल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि मेरे छोटा भाई वेदप्रकाश सिंघल जो स्कीम 10 बी में रहता है उसे तीन माह पूर्व भी 24 अप्रैल को एक धमकी भरा पत्र आया था तब हम ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने छानबीन करने की कोशिश की। किंतु तह तक नहीं पहुंच पाने के कारण मामला पेंडिंग हो गया था। पुनः 28 जुलाई 2023 को गुंडों ने वेद प्रकाश के मोबाइल पर कॉल किया, जिसमें उन्होंने 20 लाख रुपए देने की मांग रखी और बोले की बेटे की सलामती चाहते हो तो 20 लाख लेकर भिवाड़ी आ जाओ, नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। सिंघल के छोटे भाई ने पुलिस में मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन्हीं आरोपियों को 3 माह पहले भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था, तब पुलिस ने मामले को गम्भीरता से नहीं लेते हुए छोड़ दिए। अब धमकी आने के पश्चात मोबाइल नंबर के आधार पर सजगता पूर्वक जांच कर इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों संजय जाटव निवासी तिजारा और लादेन निवासी चांदूकी को गिरफ्तार कर लिया है। यह वही युवक हैं जो पहले गिरफ्तार किए गए थे लेकिन इनको संदेह के मामले में छोड़ दिया गया था। बनवारी लाल सिंघल ने आरोप लगाया कि यदि पूर्व में तीन माह पहले ही सख्ती से पूछताछ होती तो मेरे छोटे भाई व परिवार को तीन माह तक तनाव नहीं झेलना पड़ता। अलवर जिला पुलिस अधीक्षक का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने मामले को तत्परता व गंभीरता से लिया और आरोपी पकड़े गए, लेकिन जिलेभर में बढ़ती गुंडागर्दी के बीच आम आदमी, व्यापारी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है।



## सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में किया सम्मान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई/हेमंत शर्मा।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा खंड बांदीकुई के अंतर्गत शैलेंद्र जोशी पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देशन में सेवानिवृत्ति ससम्मान कार्यक्रम की पहल में ब्राह्मण समाज पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त शिव चरण शर्मा पुस्तकालयाध्यक्ष, राजकीय. उच्च. मा. विद्यालय आभानेरी का भगवान परशुराम का छायाचित्र, साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया समाज के उपस्थित ब्राह्मण समाज पदाधिकारी नगर अध्यक्ष महेश चंद्र नांगल, मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा, नगर महामंत्री लक्ष्मी नारायण आगावली, राजेंद्र होदायल्ली, नेमीचंद जी राज. पुलिस, ओमप्रकाश मुंशी, अवधेश शर्मा खेड़ा, सुरेश शर्मा, राधा मोहन जैमन, महेश चंद शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## जोधपुर के डैम में डूबकर तीन दोस्तों की मौत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** जोधपुर के सूरपुरा डैम में बुधवार को तीन दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। तीनों दोस्त 11वीं कक्षा के छात्र थे। बुधवार सुबह करीब दस ये लड़के डैम घूमने आए थे। इनके शव करीब छह बजे पानी से निकाले गए। डेम की दूसरी ओर चहल-पहल कम रहती है। ये तीनों दोस्त उसी तरफ बैठे थे। दोपहर में वहां पहुंचे किसी व्यक्ति ने दो साइकिल पड़ी देखी। किनारे पर बैग, एक मोबाइल व जूते देखे। सामान के पास किसी व्यक्ति को न देख उसकी चिंता बढ़ी।

शाम करीब 4 बजे पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर डीसीपी ईस्ट अमृता दुहान, उपखंड अधिकारी नीरज मिश्रा सहित आला अधिकारी पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम व गोताखोर पहुंचे। डैम में काफी तलाश के बाद तीनों के शव को बाहर निकाला गया। बच्चों के बैग में मौजूद किताबों से उनके नाम का पता चला। मोबाइल पर घरवालों का कॉल आया। तब उन्हें हादसे की जानकारी दी गई।

जय सिंह (18) पुत्र मुरलीधर, स्वरूप सिंह (16) पुत्र लक्ष्मण सिंह व गौतम सोलंकी (18) पुत्र लक्ष्मण माली दसवीं कक्षा तक साथ पढ़े थे। कुसुम विहार कॉलोनी, महामंदिर निवासी जय सिंह माता का थान स्थित सत्यम स्कूल में पढ़ता था। उसके दोस्त बनाड़ निवासी स्वरूप पीलार बालाजी व मगरा पुंजला निवासी गौतम महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में 11वीं के छात्र थे। पुलिस को आशंका है कि तीनों दोस्तों ने सूरपुरा डैम घूमने का प्लान बनाया होगा। दो साइकिल पर तीनों बैठकर डैम पर घूमने आ गए। यहां नहाने के लिए पानी में उतरे और डूब गए।

## 30 चोरियां करने वाला शातिर पकड़ा

**जोधपुर।** जोधपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के घरों और खेतों में रात के समय नकबजनी करने वाली गैंग का पदार्फाश हुआ है। इस शातिर ने पिछले कई वर्षो से पुलिस की नाक में दम कर रखा था। जोधपुर शहर में बाइक चुराने से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई मकानों को निशाना बनाने की कुल 30 वारदातें कबूल की है।

रात्री के समय दुकानो व घरो में घुसकर चोरियां करने व रात्रि के समय खेतो से ट्यूबवैल की केबिल व फवारे चुराने की घटना को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने गम्भीरता से लिया नवाब खां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण व पदमदान वृताधिकारी वृत बालेसर के सुपरविजन में थानाधिकारी चामू दीपसिंह एसआई के नेतृत्व में टीम गठित की गई। दीपसिह एसआई ने तकनीकी डाटाबेस, आसूचना सकंलन, अन्य स्त्रोतो के आधार पर मुलजिमान की गहनता से तलाश की। राजूराम पुत्र उमाराम मेघवाल निवासी तंवरो का बास पुलिस थाना चामु को गिरफतार कर गहनता से पुछताछ की गई तो दर्जनो चोरिया करना स्वीकार किया है।

*आंदोलन के प्रथम चरण में 11 अगस्त 2023 को विशाल आक्रोश रैली*

## धरना : सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में कर्मचारियों ने किये प्रदर्शन





### जलदाय जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया गया, सौंपा ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** कांग्रेस के जन घोषणा पत्र 2018 में राज्य कर्मचारियों से किए वादों को पूरा नहीं करने के विरोध में प्रदेश के राज्य कर्मचारियों ने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आव्हान पर सभी जिला मुख्यालयों पर धरने-प्रदर्शन किये और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रस्तुत किया। जयपुर में यह प्रदर्शन महासंघ, एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ और जिला अध्यक्ष छोटे लाल मीणा के नेतृत्व में किया गया।

जिला कलेक्ट्रेट जयपुर पर कर्मचारियों की सभा को संबोधित करते हुए महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि सरकार अपने चुनावी वादों को शीघ्र पूरा करें अन्यथा आने वाले चुनाव में सरकार को इसका बहुत बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से कर्मचारियों की लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। प्रमुख मांगों में वेतन विसंगतियों के लिए गठित खेमराज चौधरी एवं सामंत कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना, संविदा कर्मी सहित सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करना, चयनित वेतनमान (एसीपी) का परिलाभ 9, 18 व 27 वर्ष के स्थान पर 8, 16 , 24 व 32 वर्ष पर पदोन्नति पद के समान देने, अर्जित अवकाश की सीमा 300 दिवस से बढ़ाकर सेवानिवृत्ति तक जोड़ने, ग्रामीण क्षेत्र के कर्मचारियों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता स्वीकृत करने तथा अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग को सचिवालय कर्मियों के समान पदोन्नति एवं वेतन भत्ते देने तथा द्वितीय पदोन्नति ग्रेड पे-4200 पर सुनिश्चित करने की मांग की गई है। इसके अलावा निविदा एवं संविदा पर लगे कार्मिकों का न्यूनतम पारिश्रमिक ?18000 तय करने, एमटीएस का पद सृजित कर सहायक कर्मचारियों को उसमें समायोजित करने, सत्र 2009-10 से पातेय वेतन पर पदस्थापित वरिष्ठ अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक ग्रेड सेकंड को ऐडहॉक प्रमोशन की दिनांक से नियमित पदोन्नति सुनिश्चित करने तथा राजस्थान परिवहन निगम को सरकार के विभाग के रूप में समाहित करने की भी मांग की गई है। राठौड़ ने पेंशनर्स को भी 75 व 80 वर्ष पर 10-10 प्रतिशत पेंशन वृद्धि के स्थान पर 65, 70,75 व 80 वर्ष पर क्रमशः 5-5 प्रतिशत पेंशन वृद्धि करने की भी मांग की है। यदि कर्मचारियों की मांगे पूरी नहीं की गई तो कर्मचारियों के आक्रोश को देखते हुए एक राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसके प्रथम चरण में 11 अगस्त 2023 को जयपुर में विशाल रैली आयोजित की जावेगी सबकी जिम्मेदारी सरकार की होगी '

#### इन्होंने भी किया संबोधित

धरना स्थल पर जिन कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया उनमें प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के अलावा जिला अध्यक्ष छोटे लाल मीणा, भंवर सिंह धीरावत, कुलदीप यादव, राजेश पारीक, अमरजीत सिंह सैनी, रामनरेश जाटवा, पुष्पेंद्र सिंह, मोहनलाल शर्मा, सुरेश नारायण शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा, प्रकाश यादव, रिंकू यादव, पप्पू शर्मा, ओम प्रकाश चौधरी, राजेंद्र शर्मा, महेश कुमार, मदन सिंह राठौड़ आदि शामिल है।

**सयुंक्त कार्रवाई : नवीन रेनवाल थानाधिकारी ने किया पुलिस का इकबाल कायम**

# नशे के विरुद्ध और अन्य अपराधों में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी में रेनवाल पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## अवैध देशी शराब के साथ 3 अपराधी भी हुए गिरफ्तार बाकी 5 अन्य अपराधों में लिप्त

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रेनवाल/अणतपुरा/ मोना कुमावत।** रेनवाल पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अलग-अलग प्रकरणों में कुल 8 अपराधी गिरफ्तार किए। ग्रामीण अधीक्षक डॉ. राजीव पचार ने बताया कि बुधवार को हिस्ट्रीशीटर, पीओ कैसेज में वांटेड गिरफ्तारी का अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा, आरपीएस वृत्ताधिकारी जोबनेर मुकेश चौधरी के सुपरविजन में थानाधिकारी रेनवाल सुरेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में पुलिस टीम का गठन कर जगह-जगह दबिश देकर संयुक्त कार्रवाई की गई जिसमें अलग-अलग अपराधों में कुल 8 जनों को गिरफ्तार किया गया। रेनवाल पुलिस ने लालाराम वर्मा पुत्र रूडा राम, नाथू सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह, कृष्णा कुमार पुत्र मुक्ति लाल रैगर, संजय वर्मा पुत्र भंवर लाल बलाई, ओमप्रकाश पुत्र पन्ना लाल कुमावत, अभिषेक पुत्र रामचंद्र जाट, रतन लाल शर्मा पुत्र चतुर्भुज, राजु कुमावत पुत्र फुलचंद कुमावत को गिरफ्तार किया।



### इनका कहना है



किशनगढ़-रेनवाल क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अपराधियों को बक्शा नहीं जाएगा और आपराधिक मामलों में अपराधियों को रेनवाल पुलिस द्वारा कठोर से कठोर सजा दिलाई जाएगी।

- सुरेश सिंह
थानाधिकारी : रेनवाल



अपराधियों को जड़ से खत्म करने का काम कर रही है हमारी रेनवाल पुलिस। आमजन में विश्वास अपराधियों में डर कथन को ध्यान में रखते हुए पुलिस कार्रवाई कर रहीं हैं।

- अशोक कुमार
हेड कांस्टेबल परिचालक

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन : सिंधू को चुनौती देगी छत्तीसगढ़ की आकर्षी, मंजूनाथ ने किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत सीधे गेम में जीत के साथ बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। छत्तीसगढ़ की आकर्षी कश्यप पहली बार सिंधू को चुनौती देगी।

मिथुन मंजूनाथ ने चौथे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी सिंगापुर के कीन यीउ लोह को हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 50वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ ने पुरुष एकल के पहले दौर के 41 मिनट चले मुकाबले में लोह को 21-19, 21-19 से हराया।

### आकर्षी की शानदार जीत

महिला एकल में छत्तीसगढ़ की आकर्षी कश्यप ने मलेशिया की जिन वेई गोह को 21-15, 21-17 से हराया। मालविका बंसोड़ को चीनी ताइपे की यू पो पेई के खिलाफ 20-22, 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दूसरे दौर में महिला एकल में सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी बचेगी क्योंकि अगले दौर में सिंधू और आकर्षी आमने सामने होंगी।



### 36 मिनट में जीती सिंधू

इस बीच लक्ष्य सेन चोट के कारण हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ पुरुष एकल मैच के बीच से हट गए। लक्ष्य ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब वह पहले गेम में 0-5 से पीछे थे। मौजूदा सत्र में टूर पर सात प्रतियोगिताओं के पहले दौर में शिकस्त झेलने वाली पांचवी वरीय सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर में हमवतन अश्मिता चालिहा को 36 मिनट में 21-18, 21-13 से हराया।

### भारतीयों की शानदार जीत

*पुरुष एकल के पहले दौर के अन्य मुकाबलों में दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने जापान के केंता निशिमोतो को 21-18, 21-7 से हराया जबकि एचएच प्रणय कड़े मुकाबले में हांगकांग के च्युक यीयु ली 21-18, 16-21, 21-15 से शिकस्त दी। उभरते हुए खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने भी ऑस्ट्रेलिया के नाथन टैंग को 21-12, 21-16 से हराया। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी को पहले दौर में दुनिया की पांचवें नंबर की सियुंग जेई सियो और यू जुंग चेई की कोरिया की जोड़ी के खिलाफ 14-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।*

## खबर संक्षेप



### पंजाब एफसी 12वीं टीम के तौर पर जुड़ी

**मोहाली।** मौजूदा आई लीग चैंपियन पंजाब एफसी ने बुधवार को इंडियन सुपर लीग के आगामी 2023-24 सत्र में शामिल होने की घोषणा की जिससे यह टूर्नामेंट 12 टीम का हो जाएगा। क्लब ने आई लीग में खिताबी जीत के साथ आईसीएलएस प्रीमियर 1 लाइसेंस भी सफलतापूर्वक हासिल कर लिया जिससे उसे भारतीय फुटबॉल के शीर्ष टीयर में स्थान मिला। इससे पंजाब एफसी आई लीग से आईएसएल में शामिल होने वाली भारत की पहली टीम बन गई।

### जमशेदपुर एफसी ने पेटार से करार किया



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने बुधवार को चेन्नईयिन एफसी के क्रोएशियाई स्ट्राइकर पेटार स्लिसकोविच से एक साल का करार करने घोषणा की। इस लंबी कद काठी के स्ट्राइकर ने क्लब के लिए यादगार पहले सत्र में 17 मैचों में आठ गोल दागे और चार गोल करने में मदद की। स्लिसकोविच ने जमशेदपुर एफसी से जुड़ने के बारे में कहा, 'जमशेदपुर एफसी से जुड़ना एक शानदार अहसास है।' जर्मनी और स्विट्जरलैंड में फुटबॉल क्लबों से खेलने के बाद वह 2022 में चेन्नईयिन एफसी से जुड़ गए थे।

### तीसरी एकादश भी उतार सकता है भारत

**तारोबा।** भारतीय क्रिकेट में युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा का



मानना है कि देश की सीनियर पुरुष टीम इस समय दो नहीं बल्कि 'तीसरी एकादश' भी उतार सकती है। महान बल्लेबाजों में शामिल लारा शुभमन गिल और इशान किशन के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। लारा ने भारतीय क्रिकेटरों से बात करते हुए कहा, 'भारत मेरे लिए दूसरे घर की तरह है। मैंने हमेशा से भारत में युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सामने आते हुए देखा है।'

### फाइनल : दक्षिण का पलड़ा पूर्व पर भारी



**पुडुचेरी।** शानदार फॉर्म में चल रही दक्षिण क्षेत्र की टीम देवधर ट्रॉफी फाइनल में गुरुवार को पूर्वी क्षेत्र से खेलेगी तो उसकी नजरें तीन सप्ताह के भीतर दूसरा खिताब जीतने पर लगी होंगी। पिछले महीने बेंगलुरु में दलीप ट्रॉफी जीतने वाली दक्षिण क्षेत्र की टीम लीग चरण में सारे मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। उसका लक्ष्य नौवीं बार देवधर ट्रॉफी जीतने का होगा जबकि पूर्वी क्षेत्र पांच बार चैंपियन रह चुका है। मौजूदा फॉर्म के आधार पर दक्षिण क्षेत्र का पलड़ा भारी है जिसने 30 जुलाई को लीग चरण में पूर्वी क्षेत्र को हराया था।

## खेल मंत्री सिंधिया ने की वर्ष 2022 के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा


# क्रिकेटर सौम्या तिवारी समेत 11 खिलाड़ियों को मिलेगा एकलव्य,10 को विक्रम पुरस्कार

*अनिल धूपर को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से नवाजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने वर्ष 2022 के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इसमें क्रिकेटर सौम्या तिवारी समेत 11 खिलाड़ियों को मप्र सरकार ने एकलव्य पुरस्कार से नवाजा है। पुरस्कारों की विस्तृत जानकारी देते हुए खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने बताया कि वर्ष 2022 के लिए 11 खिलाडियों को एकलव्य पुरस्कार, 10 को विक्रम, एक प्रशिक्षक को विश्वामित्र तथा एक खेल हस्ती को लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### लाइफ टाइम एचीमेंट अवार्ड



वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय लाईफ टाईम एचीमेंट पुरस्कार की श्रेणी में इंदौर के अनिल धूपर (टेनिस) का चयन किया गया है।



### एकलव्य पुरस्कार इन्हें मिले

वर्ष 2022 के एकलव्य पुरस्कार के लिए भोपाल की आस्था दांगी (क्याकिंग-केनोइंग), अमन सिंह बिष्ट (बॉक्सिंग), प्रज्ञा सिंह (फेंसिंग), आशी चौकसे (शूटिंग) और सौम्या तिवारी (क्रिकेट), राजगढ़ की रितिका दांगी (सेलिंग), देवास के अभिषेक परिहार (सॉफ्ट-टेनिस), इंदौर की पलक शर्मा (तैराकी), ग्वालियर की खुशबू (हॉकी), उज्जैन के दीपेश लश्करी (जिम्नास्टिक) और इन्द्रजीत नागर को (मलखंब) खेल में एकलव्य पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।



### विश्वामित्र पुरस्कार

किसी भी खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सही प्रशिक्षण महत्पूर्ण होता है। इसमे प्रशिक्षक की अहम भूमिका होती है। वर्ष 2022 में विश्वामित्र पुरस्कार के लिए भोपाल की बैंडमिंटन प्रशिक्षक रश्मि मालवीय का चयन किया गया है।

### इन्हें मिले विक्रम पुरस्कार



वर्ष 2022 के विक्रम पुरस्कारों के लिए भोपाल के राजू सिंह (घुड़सवारी), देवास के आदित्य दुबे (सॉफ्ट-टेनिस), सीहोर की नीतू वर्मा (क्याकिंग-केनोइंग), अशोकनगर के भूरक्षा दुबे (वूशु), रायसेन की प्रगति दुबे (शूटिंग), इंदौर के सुबोध चौरसिया (सॉफ्टबाल) एवं आवेश खान को (क्रिकेट), ग्वालियर के नीरज राणा (हॉकी) तथा धनंजय दुबे (टेनिस) (दिव्यांग वर्ग में) तथा उज्जैन के राजवीर सिंह पंवार के नामों की घोषणा हुई है।



### इतनी मिलेगी पुरस्कार राशि

श्रीमती सिंधिया ने बताया कि वर्ष 2011 तक एकलव्य पुरस्कार विजेता को 25 हजार रुपए और विक्रम, विश्वामित्र और लाईफ टाईम अवार्ड के विजेताओं को 50 हजार रुपए की राशि दी जाती थी। वर्ष 2021 से सभी पुरस्कार राशि को बढ़ाया गया। अब एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को एक लाख और शेष को दो लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाती है। वर्ष 2013 से पारंपरिक खेल मलखंब में उत्कृष्टता के लिए स्व. प्रभाष जोशी पुरस्कार प्रारंभ किया गया, जिसमें विजेताओं को दो लाख रुपएकी राशि से सम्मानित किया जाता है।

## एशियाई खेलों की तैयारी को पुख्ता करने उतरेगा भारत



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

खिताब की प्रबल दावेदार और तीन बार की चैंपियन भारतीय हॉकी टीम यहां गुरुवार से शुरू हो रही हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के जरिए एशियाई खेलों की अपनी तैयारी पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी।

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और यहां राधाकृष्णन स्टेडियम पर चीन के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत 2011 के बाद पहली बार एसीटी की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम का मकसद अपने खिलाड़ियों को आजमाना और एशियाई प्रतिद्वंद्वियों का आकलन करना होगा। एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच खेले जाएंगे। एशियाई खेलों के जरिए पेरिस ओलंपिक का सीधे टिकट मिलेगा लिहाजा भारतीय टीम एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी को हल्के में नहीं लेगी।



### डियानी की हैट्रिक फ्रांस ने पनामा को 6-3 से हराया

**सिडनी।** कादिदियातू डियानी की हैट्रिक की बदौलत फ्रांस ने बुधवार को यहां पनामा पर 6-3 की जीत से महिला विश्व कप के नॉकआउट दौर में प्रवेश किया। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम ने शुरुआती झटके से उबरते हुए ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। जमैका ने ब्राजील से गोलरहित ड्रा खेला जिससे वह दूसरे स्थान पर है। मार्टा कॉक्स ने दूसरे ही मिनट में गोल कर पनामा को बढ़त दिला दी। माएले लाकरार 21वें मिनट में फ्रांस को बराबरी दिलाई। डियानी ने 28वें, 37वें और 52वें मिनट में गोल कर हैट्रिक लगाई। फ्रांस के लिए लिया लि गारेक और विकी बेचो ने अन्य दो गोल किये। पनामा की ओर से योमिरा पिनजोन और लिनेथ सेडेनो ने एक एक गोल दागे।

## मप्र बैडमिंटन लीग दूसरी चयन स्पर्धा भोपाल में 24 से

**मप्र चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग ने पोस्टर विमोचन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मप्र बैडमिंटन लीग चयन स्पर्धा -2 के पोस्टर का विमोचन मप्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। मप्र बैडमिंटन लीग चयन स्पर्धा -2 भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में 24 से 27 अगस्त तक होगी। 18 लाख रुपए इनामी राशि मप्र बैडमिंटन लीग के लिए 4 बैडमिंटन स्पर्धाएं होना हैं जिसमें से पहली चयन स्पर्धा का आयोजन इंदौर में हो चुका है। मंत्री सारंग ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे हर आयु के खिलाड़ियों विशेषकर बच्चों को बैडमिंटन के लिए बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर मप्र बैडमिंटन लीग आयोजन सचिव दीपेंद्र सिंह सोलंकी, आयोजन समिति के जगदीश यादव, धर्मेश यशलहा आदि मौजूद थे। सोलंकी ने बताया कि मप्र में पहली बार मप्र बैडमिंटन लीग का आयोजन हो रहा है, इंदौर में पहली चयन बैडमिंटन स्पर्धा के सफल आयोजन के बाद दूसरी चयन स्पर्धा भोपाल के टी टी नगर स्टेडियम में हैं, पहली चयन स्पर्धा की तरह इस स्पर्धा से भी 30 खिलाड़ियों का चयन 11,1315,17और 19वर्ष बालक, 11,13,15और 17 वर्ष बालिका, महिला एकल, पुरुष एकल और युगल, +40 पुरुष युगल वर्गों में से होगा। उन्होंने बताया कि हर एक



आयु वर्ग के विजेता -उपविजेता खिलाड़ियों फाइनल्स के लिए पात्रता हासिल करेंगे। भोपाल स्पर्धा के लिए प्रविष्टियां आनलाइन रजिस्ट्रेशन से 19 अगस्त तक दी जा सकती हैं। चयन स्पर्धा में भी विजेता, उपविजेता को पदक और सभी सेमीफाइनललिस्ट को मेरिट प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। सभी प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र मिलेगा। स्पर्धा दौरान मैच खेल रहे खिलाड़ियों के लिए रिफ्रेशमेंट भी रहेगा। मप्र बैडमिंटन लीग की तीसरी चयन स्पर्धा ग्वालियर और चौथी चयन स्पर्धा इंदौर में होगी। खिलाड़ियों का जब तक चयन नहीं हो जाता, वे चयन स्पर्धाओं में हिस्सेदारी कर पात्रता हासिल कर सकते हैं। फाइनल्स के लिए कुल 120 खिलाड़ियों का चयन होगा, जिन्हें 8 फ्रेंचाईजी टीमें लेगी जो 18 लाख रुपए राशि के लिए मुकाबला करेंगी।

**विश्व कप**

### भारत से 14 अक्टूबर को खेलने पाक राजी

**कराची।** भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप का बहुचर्चित मुकाबला 15 की बजाय 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा और पीसीबी अपने दो मैचों की तारीखों में बदलाव के आईसीसी और बीसीसीआई के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है।

पाकिस्तानी टीम अब श्रीलंका के खिलाफ हैदराबाद में 12 अक्टूबर की बजाय 10 अक्टूबर को खेलेगी जिससे भारत के खिलाफ मैच से पहले तीन दिन का समय मिल जाएगा। नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण भारत और पाकिस्तान मैच एक दिन पहले कराया जा रहा है। आईसीसी और बीसीसीआई ने पीसीबी से उसके दो मैचों के कार्यक्रम में बदलाव के लिए संपर्क किया था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद जल्दी ही संशोधित कार्यक्रम जारी करेगी क्योंकि कुछ और मैचों के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है।

**एशेज सीरीज में धीमी ओवर गति के लिए आईसीसी ने लगाया जुर्माना**

# इंग्लैंड को 19 और ऑस्ट्रेलिया को 10 अंक का नुकसान

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बुधवार को कहा कि उसने हाल में संपन्न एशेज श्रृंखला के दौरान धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों के अंक काटे हैं और दोनों पर मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है।

> ■ डब्लूटीसी चक्र 2023-25 में प्रत्येक टेस्ट जीतने पर मिलते हैं 12 अंक

आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी विज्ञप्ति में कहा कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पर निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक का जुर्माना और मैच फीस काटी गई है। पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला 2-2 से बराबर रही। आईसीसी ने कहा, 'संशोधित नियमों के तहत उन पर निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना और एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक काटा गया है।' डब्लूटीसी चक्र 2023-25 में प्रत्येक टेस्ट जीतने पर 12 अंक और ड्रॉ होने पर चार अंक दिए जाते हैं।



चौथे टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए ऑस्ट्रेलिया के 10 अंक काटे गए। मेजबान इंग्लैंड को हालांकि एशेज श्रृंखला में ज्यादा नुकसान हुआ और पांच में से चार टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए उसके 19 अंक काटे गए।

### ऐसी रही दोनों टीमों की ओवर गति

आईसीसी ने कहा, 'इंग्लैंड ने एजबस्टन में पहले टेस्ट में निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंके, लाड्र्स में दूसरे टेस्ट में नौ, ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में तीन और द ओवल में पांचवें और अंतिम टेस्ट में पांच ओवर कम फेंके।' इस तरह इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में दो, दूसरे टेस्ट में नौ, चौथे टेस्ट में तीन ओर पांचवें टेस्ट में पांच अंक से कुल 19 अंक गंवाए।

### इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पर लगा जुर्माना

अंक काटने के अलावा इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पर जुर्माना भी लगाया गया। आईसीसी ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया पर मैनचेस्टर टेस्ट (चौथे टेस्ट) में 10 ओवर कम फेंकने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है (प्रत्येक कम ओवर के लिए पांच प्रतिशत और अधिकतम 50 प्रतिशत)।' आईसीसी ने कहा, 'इंग्लैंड पर धीमी ओवर गति के कारण पहले टेस्ट के लिए 10 प्रतिशत, दूसरे टेस्ट के लिए 45 प्रतिशत, चौथे टेस्ट के लिए 15 प्रतिशत और पांचवें टेस्ट के लिए 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'

## भारत ने निशानेबाजी में जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| चेंगदू

भारतीय निशानेबाजों इलावेनिल वलारिवान और दिव्यांश सिंह पंवार ने बुधवार को यहां विश्व विवि खेलों की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि भवानी यादव भगवती ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीता।

इलावेनिल और दिव्यांश को स्वर्ण पदक के मुकाबले में यू झेंग और



बुहान सोंग की चीन की जोड़ी के खिलाफ 13-17 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी हालांकि स्वर्ण पदक के मुकाबले में सफलता दोहराने में नाकाम रही और चीन की जोड़ी से हार गई।

### चौथे स्थान पर भारत

*इन दो पदक के साथ भारत के 11 स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक हो गए हैं और देश पदक तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है। चीन पदक तालिका में शीर्ष पर है जबकि उसके बाद कोरिया और जापान का नंबर आता है। मंगलवार को आशी चौकसी, माणिनी कौशिक और सिफ्ट कौर सामरा की तिकड़ी ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जबकि अर्जुन सिंह चीमा, वरूण तोमर और अनमोल जैन ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।*

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# आजादी का जश्न मनाने 13 से 15 अगस्त के बीच चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

## 1.6 लाख डाकघरों में मिलेगा तिरंगा, पिछले साल 23 करोड़ लोगों ने घरों पर फहराया था तिरंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना और भारत की यात्रा के लिए गर्व की भावना पैदा करने के लिए भारत सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। यह अभियान 2022 में बेहद सफल रहा, जहां 23 करोड़ परिवारों ने अपने घरों पर तिरंगा फहराया और 6 करोड़ लोगों ने एचजीटी वेबसाइट पर सेल्फी अपलोड की। वहीं इस मुहिम में डाक विभाग (डीओपी) का भी योगदान रहा, जिसने इस अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचाया और देश के सुदूर कोने तक राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित की।

आजादी का जश्न मनाने के लिए इस बार भी हर-घर तिरंगा अभियान की तैयारी शुरू हो गई है। पिछली बार की तरह इस बार भी भारतीय डाक हर घर तिरंगा का जश्न मनाने के लिए अपने 1.6 लाख डाकघरों के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज का विक्रय करेगा।

■ ई पोस्ट ऑफिस के जरिए भी खरीदने का अवसर ■ डाकघरों में जल्द शुरू होगी झंडे की बिक्री

**खास बातें**

- ई पोस्ट ऑफिस के जरिए भी खरीदने का अवसर
- डाकघर कई जागरूकता गतिविधियां भी करेगा



**नागरिक नजदीकी डाकघर से खरीदें तिरंगे**

इस उत्साह और देशभक्ति को जारी रखने के लिए सरकार इस बार भी 13-15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन कर रही है। देश में 1.6 लाख डाकघरों के विशाल नेटवर्क का लाभ उठाने और अभियान के तहत देश के सभी डाकघरों में झंडे की बिक्री सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। डाकघरों में झंडे की बिक्री जल्द ही शुरू हो जाएगी और नागरिक अपने नजदीकी डाकघर में जाकर झंडा खरीद सकते हैं। नागरिक इस विभाग की ई-पोस्ट ऑफिस सुविधा के माध्यम से भी राष्ट्रीय ध्वज खरीद सकेंगे।


### सेल्फी कर सकते हैं अपलोड

राष्ट्रीय महत्व के इस कार्यक्रम से नागरिकों को जोड़ने के लिए डाकघर कई जागरूकता गतिविधियां (जनभागीदारी कार्यक्रम) भी आयोजित करेगा। नागरिक इन गतिविधियों में भाग ले सकते हैं और न्यू इंडिया की इस महान पहल का हिस्सा बन सकते हैं। नागरिक अपने घरों और कार्यालयों पर फहराए गए राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी ले सकते हैं और हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### अब तय जुर्माना के साथ भर सकते हैं आईटीआर

**नई दिल्ली।** इनकम टैक्स भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई निकल चुकी है, जिन लोगों




इनकम टैक्स जमा नहीं किया गया है। वे लोग अभी भी 31 दिसंबर, 2023 तक देरी के साथ आईटीआर जमा कर सकते हैं। हालांकि, देरी से आईटीआर भरने के कारण उन्हें जुर्माना चुकाना होगा। आय 5 लाख रुपए से अधिक है तो 5 हजार रुपए तक का जुर्माना देना होगा। वहीं, अगर आपकी आय 5 लाख रुपए से कम है तो आपको 1000 रुपए आईटीआर फाइल करने के लिए चुकानी होगी। ये जुर्माना आय के हिसाब से तय होगा।

### केरलः अमेरिकी महिला से केरल में गैंगरेप

**नई दिल्ली।** केरल के कोल्लम में एक 44 साल की अमेरिकी महिला के साथ गैंग रेप का मामला सामने



आया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला भारत घूमने आई हुई थी और कोल्लम में स्थित एक आश्रम में रुकी हुई थी। पीड़िता 22 जुलाई को केरल आई थी। महिला 31 जुलाई को आश्रम के पास मौजूद एक बीच पर अकेली बैठी हुई थी। तभी दोनों आरोपी उसके पास आए और सिगरेट ऑफर करने लगे। बातों-बातों में महिला उनके साथ फ्रेंडली हो गई और आरोपियों द्वारा रम पीने का ऑफर देने पर वो ऐसा करने के लिए राजी हो गई।

### तेहरानः गर्मी के चलते देश में लगा लॉकडाउन

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट के देशों में भीषण गर्मी पड़ रही है। ईरान में पड़ रही 'अभूतपूर्व' गर्मी को देखते हुए



सरकार ने 2 दिवसीय सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। इस दौरान स्कूल, बैंक और सभी सरकारी कार्यालय पूरी तरह से बंद रहेंगे। बुजुर्गों और स्वास्थ्य संबंधी समस्या वाले लोगों को घर से बाहर ना निकलने से बचने की सलाह दी है। सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए पूरे देश में बुधवार और गुरुवार को अवकाश घोषित करने का फैसला स्वास्थ्य मंत्रालय के सहमति से लिया है।

## उल्लेखनीय कदमः 22 सिंगल और 4 टू सीटर होंगे फाइटर जेट विमान

# नौसेना में शामिल होंगे 26 नेवी राफेल हंसा पर बनेगा समुद्री प्रशिक्षण स्क्वाड्रन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत से संचालित करने के लिए भारतीय नौसेना ने राफेल-एम का चयन किया है। इससे पहले भारतीय वायु सेना ने दो लड़ाकू स्क्वाड्रन (36 विमान) के लिए राफेल को चुना था, अब भारतीय नौसेना राफेल-एम का सौदा करने के लिए तैयार है। भारतीय नौसेना की परिचालन तत्परता और युद्ध क्षमताओं के लिए इसे एक उल्लेखनीय कदम माना जा रहा है। राफेल-एम का इस्तेमाल ग्रीस, इंडोनेशिया और यूएई की नौसेनाएं भी कर रही हैं। भारतीय नौसेना ने फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी दसॉल्ट से 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। इसमें से चार जेट ट्विन सीटर होंगे, जो शेष 22 सिंगल सीटर राफेल-एम लड़ाकू जेट को संचालित करने के लिए लड़ाकू पायलटों को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके लिए नौसेना ने गोवा में आईएनएस हंसा पर प्रशिक्षण स्क्वाड्रन की स्थापना करने का फैसला लिया है।

**नई स्क्वाड्रन के लिए राफेल-एम का इस्तेमाल**

स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत से संचालित करने के लिए भारतीय नौसेना ने राफेल-एम का चयन किया है। पहले भारतीय वायु सेना ने दो लड़ाकू स्क्वाड्रन (36 विमान) के लिए राफेल को चुना था, अब भारतीय नौसेना राफेल-एम का सौदा करने के लिए तैयार है। नौसेना की परिचालन तत्परता और युद्ध क्षमताओं के लिए इसे एक उल्लेखनीय कदम माना जा रहा है।

■ गोवा के नौसैनिक हवाई स्टेशन को राफेल प्रशिक्षण के लिए चुना

■ गोवा में 8 भारतीय नौसैनिक वायु स्क्वाड्रनों का हेडक्वार्टर



**4 ट्विन सीटर राफेल जेट खरीद रहा भारत**

राफेल बनाने वाली कंपनी दसॉल्ट एविएशन को भरोसा है कि राफेल-एम भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के लिए उपयुक्त होगा। चार ट्विन सीटर राफेल जेट खरीदने का निर्णय भारतीय नौसेना के उन्नत लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढ़ाने और अत्यधिक कुशल और कुशल पायलट बल बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है। राफेल के ट्विन सीटर संस्करण को प्रभावी प्रशिक्षण देने के लिए डिजाइन किया गया है, जो लड़ाकू पायलटों को व्यावहारिक अनुभव देने के साथ ही उनकी अनुभवी एविएटर्स क्षमताओं को भी बढ़ाएगा।

**पायलटों को सक्षम बनाएगा**

जानकारी अधिकारी के मुताबिक सिंगल सीटर राफेल-एम वैरिएंट के लड़ाकू पायलटों को प्रशिक्षित करने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि ट्विन सीटर राफेल जेट अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सिमुलेटर से लैस होंगे। यह प्रशिक्षण के दौरान पायलटों को विभिन्न युद्ध परिदृश्यों के लिए सक्षम बनाएगा, जिससे वे आधुनिक हवाई युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हो सकेंगे। ट्विन सीटर राफेल विक्रांत के बड़े में शामिल नहीं होंगे, क्योंकि इनमें विमानवाहक पोत से संचालन के लिए आवश्यक हवाई जहाज के पहिये और टेल हुक का अभाव है।

### दो सीटों वाले प्रशिक्षु विमान मिग-29 का रहता है बेड़ा

*नौसेना के एक अधिकारी के मुताबिक गोवा स्थित प्रमुख नौसैनिक हवाई स्टेशन आईएनएस हंसा को राफेल प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के लिए चुना गया है। गोवा में डैबोलिम के निकट स्थित यह भारत का सबसे विशाल नौसैनिक स्टेशन है। इस नौसैनिक अड्डे के परिसर में नागरिक परिक्षेत्र भी है, जहां से डैबोलिम हवाई अड्डे का संचालन होता है। अब इस नौसेना केंद्र पर मिग 29-के के दो सीटों वाले प्रशिक्षु विमानों मिग-29 केयूबी का बेड़ा रहता है। यहां 2,000 से ज्यादा सैनिक और 1,000 नागरिक रहते हैं। यह नौसेना के 8 भारतीय नौसैनिक वायु स्क्वाड्रनों का हेडक्वार्टर भी है।*

## सुरक्षा में चूक को लेकर भारत सख्त

# कनाडाः भारतीय दूतावास के बाहर फिर विवादित पोस्टर




एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर भारतीय दूतावास को निशाना बनाया है। जिसपर भारत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। साथ ही इसे सुरक्षा में चूक का गंभीर मामला माना है। भारत ने कनाडा के अधिकारियों से शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि पहले ही अलगाववादी समूह ने भारत के स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय दूतवासों को घेरने की धमकी दी थी। इस तरह के पोस्टर पहले भी अन्य क्षेत्रों में देखने को मिले थे, बावजूद इसके इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। जो दर्शाता है कि यह सुरक्षा में कितनी बड़ी चूक है।

**नए पोस्टर में भी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का जिक्र**

गौरतलब है कि अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने नए पोस्टर में भी अपने प्रमुख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का जिक्र किया है। बता दें कि निज्जर की 18 जून को कनाडा के सरे में गुरु नानक सिंह गुरुद्वारा साहिब की पार्किंग में हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद एसएफजे ने उनकी हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया।

**वांटेड शीर्षक के साथ नया पोस्टरः** भारतीय दूतावास के बाहर लगे पोस्टर पर 'वांटेड' शब्द लिखा हुआ था। इन पोस्टरों में भी इंडियन हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा और टोरंटो में भारत के वाणिज्य दूतावास जनरल अपूर्व श्रीवास्तव को निशाना बनाया गया था। इन दोनों भारतीय अधिकारियों पर पोस्टर में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया गया है।

### भारतीय अधिकारी ने दर्ज की शिकायत

पता चलने के बाद वाणिज्य दूतावास वाली इमारत के प्रवेश द्वार के पास लगे विवादित पोस्टर को हटा दिया गया। एक वरिष्ठ भारतीय अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य दूतावास विवादित पोस्टर के सम्बन्ध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इससे पहले ठीक इसी तरह के पोस्टर सरे शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाया गया था। बताते चलें कि इससे पहले 'किल इंडिया' शीर्षक के साथ पोस्टर जारी किए गए थे। जिन्हें पाकिस्तानी हैंडल के साथ सोशल मीडिया पर साझा किया गया था।

## तीन सदस्यों ने ली संसद में शपथ

# सिंगापुर में भारतीय मूल के 3 सांसदों का इकबाल बुलंद

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सिंगापुर की संसद में बुधवार को नौ मनोनीत संसद सदस्यों (एनएमपी) में से तीन भारतीय मूल के सिंगापुरवासियों ने शपथ ली। साथ ही सिंगापुर में मरीन परेड समूह प्रतिनिधित्व निर्वाचन क्षेत्र के सांसद सीह कियान पेंग को बुधवार को संसद अध्यक्ष के रूप में चुना गया। सीह कियान पेंग ने तान चुआन-जिन का स्थान लिया है जिन्होंने साथी पीपुल्स एक्शन पार्टी के सांसद चेंग ली हुई के साथ विवाहेतर संबंध के कारण इस्तीफा दे दिया था।



**जोशुआ थॉमस का यह दूसरा कार्यकाल**

मनोनीत संसद सदस्यों (एनएमपी) में से भारतीय मूल के वकील और सिक्योरिटी एसोसिएशन सिंगापुर के अध्यक्ष राज जोशुआ थॉमस का यह दूसरा कार्यकाल है। अन्य सभी आठ एनएमपी पहली बार आए हैं। एनएमपी को ढाई साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाता है।

## भारतीय मुद्रा को लेकर जारी दुष्प्रचार के बीच श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने स्पष्टीकरण जारी कर किया हर खासो आम को आगाह

# केंद्रीय बैंक ने कहा-श्रीलंका में घरेलू भुगतान के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा भारतीय रुपया...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में घरेलू भुगतान के लिए भारतीय मुद्रा यानी रुपये का प्रयोग कानूनी रूप से मान्य नहीं है। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक (सीबीएसएल) ने बुधवार को इस बाबत एक स्पष्टीकरण जारी कर यह जानकारी दी है।

जिसमें बताया गया है कि भारतीय रुपए के इस्तेमाल को लेकर सार्वजनिक स्तर पर जारी दुष्प्रचार को ध्यान में रखते हुए ये स्पष्ट किया जाता है कि घरेलू स्तर पर कोई भी भुगतान श्रीलंका की मुद्रा में ही मान्य होगा।

**सूची में शामिल इन देशों की मुद्राएं**




श्रीलंका द्वारा नामित विदेशी मुद्राओं में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर, हांगकांग और न्यूजीलैंड का डॉलर, भारतीय रुपया, चीनी मुद्रा, डेनिश क्रोन, यूरो, जापानी येन, नार्वे का क्रोन, पाउंड स्टर्लिंग, स्वीडिश क्रोन, स्विस फ्रैंक और थाईलैंड की मुद्रा थाई बात शामिल है। श्रीलंकाई बैंक का ये भी कहना है कि किसी भी विदेशी मुद्रा को डीएफसी घोषित किए जाने के पीछे दो देशों के बीच वाणिज्य एवं व्यापार को बढ़ावा देना उद्देश्य है। इससे दोहरे बदलाव को लेकर आने वाला अतिरिक्त खर्च घटेगा और सामान्य बैंकिंग सिस्टम के तहत व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

**नामित विदेशी मुद्रा है भारतीय रुपया**

श्रीलंका का केंद्रीय बैंक समय-समय पर कुछ चुनी हुई विदेशी मुद्राओं को नामित विदेशी मुद्रा घोषित (डीएफसी) करता है। जिसके पीछे उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सीमा पार भुगतान की सुविधाएं प्रदान करना है। वर्ष 1979 से श्रीलंका का बैंक इस संबंध में घोषणाएं करता हुआ आ रहा है। वर्तमान में कुल 16 विदेशी मुद्राओं को श्रीलंका के बैंकिंग एक्ट और फॉरन एक्सचेंज एक्ट के तहत नामित विदेशी मुद्रा घोषित किया जा चुका है। जिसमें भारतीय रुपया हालिया शामिल की गई मुद्रा है। पिछले साल अगस्त 2022 में इसे श्रीलंका ने डीएफसी घोषित किया है।

**एफटीए के बाद भारत संग बढ़ा व्यापार**

श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के मुताबिक, भारत और श्रीलंका के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने के बाद व्यापार में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है। जिसे मार्च 2000 में लागू किया गया था। इसके अलावा भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए श्रीलंका का केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के संपर्क में बना रहता है। गौरतलब है कि श्रीलंका में भारत पर्यटन का बहुत बड़ा स्रोत है। ऐसे में भारतीय मुद्रा रुपए की डीएफसी के रूप में घोषणा से भारतीय पर्यटकों को भी काफी मदद मिलेगी। लेकिन इसके साथ ही श्रीलंका का केंद्रीय बैंक ये भी स्पष्ट करता है कि श्रीलंका में घरेलू प्रयोग में श्रीलंकाई मुद्रा का प्रयोग की कानूनी रूप से मान्य होगा।

## दाम सुनकर लोग 'लाल'

# दिल्ली में 259 रुपए और रायपुर में 200 रुपए प्रति किलो बिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर की कीमतें एक बार फिर आसमान छू रही हैं। मदर डेयरी ने अपनी सफल खुदरा दुकानों पर बुधवार को टमाटर 259 रुपए प्रति किलो के भाव पर बेचा। उधर, रायपुर में भी टमाटर 200 रुपए किलो बिक रहा है। केंद्र सरकार ने स्थिति को देखते हुए 14 जुलाई से रियायती दर पर टमाटर की बिक्री शुरू की। राष्ट्रीय राजधानी में खुदरा कीमतें हाल ही में कम होने लगी थीं, लेकिन कम आपूर्ति के कारण इनमें फिर से उछाल आ गया है। बुधवार को टमाटर की खुदरा



कीमत 203 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि मदर डेयरी की सफल खुदरा दुकानों पर इसकी कीमत 259 रुपए प्रति किलोग्राम रही। मौसम के खराब होने के कारण पिछले दो महीने से टमाटर की आपूर्ति प्रभावित हुई है। आजादपुर मंडी में टमाटर की आवक काफी कम हुई है। कम आपूर्ति के कारण थोक कीमतें तेजी से बढ़ी हैं।

## मोदी सरकार के लिए खास 5 अगस्त, इसी दिन जम्मू- कश्मीर से खत्म विशेष दर्जा

# केंद्र सरकार के दो ऐतिहासिक फैसलों ने बढ़ाया भाजपा पर भरोसा

पीएम नरेंद्र मोदी ने जनता से किए गए वादों में से दो वादों को पूरा किया है। इन वादों को पूरा करने के साथ भाजपा ने दिखाया कि वह चुनाव से पहले जो वादे करती है उस पर खरी भी उतरती है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी शुरू से ही राम मंदिर का निर्माण और जम्मू-कश्मीर से संबंधित धारा 370 को लेकर मुखर रही है। इसको भाजपा ने अपने घोषणापत्र में भी शामिल किया था। भाजपा की सरकार बनने में इन मुद्दों का काफी अहम रोल माना जाता है। भाजपा ने सत्ता में आकर अपने दो वादों को पूरा किया। सबसे अहम बात यह है कि इन दोनों ही कामों को 5 अगस्त के दिन पूरा किया गया।

- *5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर में हुई नए युग की शुरुआत*
- *अमित शाह के इन दो ऐलान से राज्यसभा में मच गया था हंगामा*
- *5 अगस्त, 2020 को रखी गई थी राम मंदिर की आधारशिला*




**पीएम की 56 इंच वाली छवि मजबूत**

नरेंद्र मोदी ने जनता से किए गए वादों में से दो वादों को पूरा किया गया। इन वादों को पूरा करने के साथ भाजपा ने सभी को दिखाया कि वह चुनाव से पहले जो वादे करती है, उस पर खरी उतरती है। एक समय विपक्षी उनको कहते थे कि भाजपा केवल वादे करती है और सत्ता का मजा लेना चाहती है। लेकिन, इन वादों को पूरा करने से देश में पीएम मोदी की 56 इंच वाली छवि मजबूत हुई। क्या थे वो दो वादे? 2019 में 5 अगस्त के ही दिन अनुच्छेद 370 को संशोधन कर जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया गया था।

**जम्मू-कश्मीर को लेकर यह घटनाक्रम**

संसद का मानसून सत्र चल रहा था और तारीख थी 5 अगस्त, 2019। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में आएंगे, लेकिन वह उस दिन राज्यसभा का रुख कर गए। स्पीकर चेयर पर राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडु बैठे हुए थे। सभापति से इजाजत मिलने के बाद अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के आर्टिकल 370 पर बोलना जैसे ही शुरू किया, उसी दौरान विपक्ष में बैठे गुलाम नबी आजाद और कांग्रेस के नेताओं ने चिल्लाना शुरू कर दिया। इस दौरान अमित शाह जम्मू-कश्मीर के नए युग का आगाज कर रहे थे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com